तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 10.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026


ज्वाली नाले के ऊपर रखा मलबा अब तक नहीं हटाया गया



## खबर संक्षेप

### निर्माण कार्यों में 60 लाख का गबन, होगी जांच

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू में विभिन्न कार्यो के तहत वर्ष 2024-25 में 60 लाख से अधिक राशि की गड़बड़ी और गबन की शिकायत की गई है। शिकायत में बताया कि कानन पेण्डारी जूलाजिकल गार्डन में वर्ष 2024-25 में योजना 6540 चिड़ियाघरों का विकास व उन्नयन कार्य अंतर्गत प्राप्त बजट आबंटित राशि 60.49 लाख रुपए में गड़बड़ी की गई है। इस शिकायत पर कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं।

### रेलवन एप से अनारक्षित टिकिट पर 3 फीसदी छूट

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा में वृद्धि, सेवा गुणवत्ता में सुधार एवं डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने एक नई एवं अत्याधुनिक मोबाइल एप्लीकेशन रेलवन उपलब्ध कराया है। यह एप्लीकेशन रेल से संबंधित विभिन्न सेवाओं को एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराते हुए यात्रियों कें लिए एक वन स्टॉप डिजिटलन सॉल्युशन के रूप में कार्य कर रहा है। रेलवन एप के माध्यम से यात्री अनारक्षित टिकिट बुकिंग सहित कई आवश्यक रेल सेवाओं का लाभ सरल, सुरक्षित एवं त्वरित रूप से प्राप्त कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा को और अधिक सुदृढ्ढ करने तथा डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा देने के लिए रेल प्रशासन ने रेलवन एप से अनारक्षित टिकिट की बुकिंग पर अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया है।

### सीयूईटी-यूजी 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी-यूजी) 2026 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कैंडिडेट्स एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन एप्लिकेशन कर सकते हैं। सीयूईटी-यूजी 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट 30 जनवरी, 2026 तय की गई है। वहीं, 31 जनवरी तक कैंडिडेट्स एग्जाम फीस सब्मिट कर सकते हैं। इसके साथ ही एप्लिकेशन फॉर्म में सुधार करने के लिए करेक्शन विंडो 2 फरवरी, 2026 को ओपन होगी। कैंडिडेट्स 4 फरवरी, 2026 तक अपने एप्लिकेशन फॉर्म में करेक्शन कर सकेंगे। सीयूईटी-यूजी 2026 के लिए आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स को किसी मान्यता प्राप्त राज्य या केंद्रीय बोर्ड से कक्षा 12वीं की परीक्षा पास होना जरूरी है।

### कोपरा जलाशय में बर्ड वाचिंग संगोष्ठी कल

**बिलासपुर।** देश के पहले रामसार साइट कोपरा जलाशय में आयोजित बर्ड वॉक एवं संगोष्ठी का आयोजन 9 जनवरी को सुबह साढ़े 10 बजे वन चेतना केन्द्र और जलाशय के पास किया जाएगा। वन मंडल बिलासपुर से मिली जानकारी के अनुसार जलाशय के पास भारतीय और विदेशी पक्षियों का समय-समय पर प्रवास रहता है, जिसे देखते हुए सरकार ने पहला रामसर साइट घोषित किया है। कोपरा जलाशय में बर्ड वॉचिंग एवं वन चेतना केन्द्र में संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसमें पॉण्ड मेन आफ इंडिया नई दिल्ली के रामवीर सिंह, वैज्ञानिक डॉ. नीतु हरमुख उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विशिष्ट अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधायक मौजूद होंगे।

# आपातकालीन सेवा बीमार, डायल 112 की 10 गाड़ियां खराब, गैरेज में खड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीड़ितों की सेवा में हमेशा उपलब्ध होने वाली डायल 112 की 10 गाड़ियां पुरी तरह से खराब होकर गैरेज में खड़ी हो गई हैं। वहीं चलने वाली अन्य 10 गाड़ी भी कंडम हो चुकी है। यह वाहन भी कभी भी खराब होकर खड़े हो सकते हैं। इससे पीड़ितों को सही समय पर सुविधा नहीं मिल पा रही है। सभी गाड़ियों से पावर स्टेरिंग समाप्त हो गई है एवं अन्य पार्टस भी खराब हो चुके है। बड़ी बात कि उक्त वाहनों के पार्टस शहर में नहीं मिलते हैं। सारा सामान केवल दिल्ली में मिलता है। इससे भी सुधार कार्य में देरी हो रही है और लोगों को परेशानी हो रही है।

**पार्टस भी दिल्ली से मंगाने पड़ रहे**
- चलने वाली गाड़ियां भी हो रहीं कंडम

ज्ञात हो कि 4 सितंबर 2018 में आपातकालीन सेवा के लिए डायल 112 की जिले में 23 गाड़ी उपलब्ध कराई गई थी। उसमें से तीन गाड़ी जीपीएम जिला में संचालित हो रही है और शेष 20 गाड़ी बिलासपुर जिले में चल रही हैं। पिछले 8 सालों में यह गाड़ियां आपातकालीन सेवा के लिए 24 घण्टे उपलब्ध रहती हैं। नियमानुसार एक गाड़ी को 2.50 लाख किलो मीटर चलना रहता है किन्तु जिले में चल रही सभी डायल 112 की गाड़ियों 2.50 लाख किलो मीटर से अधिक चल चुकी है। समय समाप्त होने के कारण ही गाड़ियां दम तोड़तीं जा रहीं हैं। वर्तमान में हाल यह है कि 10 गाड़ी खराब होकर गैरेज में खड़ी हो गई हैं। सभी गाड़ियों से पावर स्टेरिंग समाप्त हो गई है एवं अन्य पार्टस भी खराब हो चुके है। सबसे बड़ी बात कि उक्त वाहनों के पार्टस शहर में नहीं मिलते हैं। सारा सामान केवल दिल्ली में मिलते है।



अलग खबर

### टेंडर समाप्त होने से नहीं मिल रहे नए वाहन

दरअसल राजधानी में प्रदेश स्तर पर डायल 112 में पेट्रोलिंग गाड़ी चलाने के लिए ठेका दिया गया था। ठेका समाप्त होने पर दूसरे ठेकेदार को गाड़ी चलाने का ठेका मिल गया है। इसी कारण गाड़ियों के खराब होने के बाद भी नई गाड़ी को नहीं भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से गाड़ियों के खराब होकर खड़े होने की जानकारी देते हुए प्रस्ताव भेजकर मुख्यालय से नए गाड़ियों की मांग की गई है। इसके बाद भी अब तक नए गाड़ी नहीं मिल सकी है।

### आपात स्थितियों में मिलती है मदद

विभिन्न आपात स्थितियों में मदद डायल 112 की पेट्रोलिंग गाड़ी अपराध चोरी, मारपीट, दुर्घटना, आग लगने की घटना, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या किसी भी जीवन संकट की स्थिति में सहायता प्रदान करती है। उक्त वाहन जीपीएस, वायरलेस, डिजिटल नेविगेशन और प्राथमिक चिकित्सा किट आधुनिक सुविधाएं होती है। सूचना मिलते ही उक्त पेट्रोलिंग गाड़ी 5 से 10 मिनट के भीतर पीड़ितों के पास पहुंच जाती है। एक साथ 10 गाड़ी खराब होकर खड़े हो जाने से पीड़ितों को आपातकालीन सेवा नहीं मिल पा रहा है।

### प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है

डायल 112 में चलने वाली गाड़ियां कंडम हो चुकी है। खराब होकर 10 गाड़ी खड़ी हो गई है। नए गाड़ियों की मांग करते हुए प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। शीघ्र ही नए गाड़ियां मिलने की संभावना है।

**- अर्चना झा,** एडीशनल एसपी, ग्रामीण

### मकान, गार्डन और व्यावसायिक परिसर भी बनाया जाएगा

# 20 एकड़ जमीन पर 150 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट होगा लांच, केन्द्र से मिलेगी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के चांटीडीह मेलापारा में 20 एकड़ जमीन निगम ने कब्जे से खाली तो करा ली है लेकिन डेढ़ साल भी यहां कोई काम शुरू नहीं हो सका है। हालांकि अब निगम का कहना है कि यहां 150 करोड़ का प्रोजेक्ट लांच किया जाएगा। इस जगह पर हाउसिंग प्रोजेक्ट, गार्डन और व्यवसायिक परिसर बनाया जाएगा। यहां पहली बार निगम स्वयं मकान बनाएगा और बेचेगा। यह मकान ईडब्ल्यूएस स्तर के साथ ही एलआईजी और एमआईजी स्तर के होंगे। इनकी कीमत 5 से 7 लाख रुपए के बीच हो सकती है।

निगम का मानना है कि इस योजना से न केवल इलाके का विकास होगा, बल्कि आम लोगों को प्राइवेट कॉलोनियों की तुलना में कम कीमत पर बेहतर आवास उपलब्ध होंगे। इसे पीपीपी मोड पर बनाने के लिए केन्द्र सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से सहमति मिलने के बाद निगम के अधिकारी जाकर अपना प्रेजेंटेशन देंगे और प्रोजेक्ट के बारे में बताएंगे। इसके बाद केन्द्र की ओर से राशि जारी होगी और काम शुरू होगा।



- मकान ईडब्ल्यूएस के साथ ही एलआईजी और एमआईजी स्तर के होंगे, कीमत 7 लाख तक
- शहर के चांटीडीह-मेलापारा में पीपीपी मोड पर योजना के लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया

गौरतलब है कि चांटीडीह मेलापारा में अवैध कब्जा कर रह रहे 700 लोगों को निगम ने हटाया था। इन लोगों को अशोकनगर के अटल आवास में शिफ्ट भी कर दिया गया है। कार्रवाई के दौरान निगम को भारी विरोध का सामना भी करना पड़ा था। अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने बताया कि चांटीडीह मेलापारा में बेजा कब्जा में बसे लोगों को खमतराई, बहतराई में बने प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट करने के लिए प्रक्रिया दो साल पहले से चल रही है। 400 परिवार पहले ही सरकारी आवास में शिफ्ट हो चुके हैं और मौके से 742 मकानों को हटाया गया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास के लिए उन्हें 4.75 लाख की लागत से बने पक्के मकानों में शिफ्ट किया गया है।

### आवास के साथ उद्यान और बाजार बनेंगे

अपर आयुक्त का कहना है कि चांटीडीह, मेलापारा के अतिक्रमणकारियों को पक्के मकानों में शिफ्ट करने के लिए उन्हें विधिवत अशोक नगर, खमतराई, बहतराई में आवास आवंटित किया जा चुका है। इसके बावजूद बहुत से लोग शिफ्टिंग नहीं करते हुए वहीं रह रहे थे। उन्होंने बताया कि खाली कराई गई जगह का उपयोग प्रधानमंत्री आवास, उद्यान निर्माण, बाजार आदि विकसित करने में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सभी 742 मकानों को हटाने तक जारी रहेगी, इसमें 3-4 दिन लग सकते हैं।

### झोपड़ी मुक्त शहर की ओर एक कदम

निगम के मुताबिक चांटीडीह ईरानी मोहल्ला की पहचान अब झोपड़ियों से नहीं, बल्कि सुनियोजित हाउसिंग प्रोजेक्ट, गार्डन और व्यवसायिक परिसर से होगी। शहर को झोपड़ी मुक्त बनाने और क्षेत्र का विकास करने के उद्देश्य से इन अवैध झोपड़ियो पर बुलडोजर चलाया गया और अब विकास की योजना बनाई गई है। नए मकान व काम्प्लेक्स निर्माण के साथ ही पक्की सड़क बनाई जाएगी।

### प्रस्ताव भेजा गया

शहर के चांटीडीह मेलापारा में सुनियोजित हाउसिंग प्रोजेक्ट, गार्डन और व्यवसायिक परिसर बनाया जाएगा। यह मकान ईडब्ल्यूएस स्तर के साथ ही एलआईजी और एमआईजी स्तर के होंगे। इनकी कीमत 5 से 7 लाख रुपए के बीच हो सकती है। इसे पीपीपी मोड पर बनाने के लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया है।

**- खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त नगर निगम

### चुनावों में धांधली के गंभीर आरोप

# स्टेट बार कौंसिल की सामान्य सभा स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

9 जनवरी को होने वाली स्टेट बार कौंसिल की सामान्य सभा (बैठक) स्थगित कर दी गई है। बार कोंसिल ऑफ़ इंडिया चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा ने इस बारे में पत्र जारी किया है।

पत्र में कहा गया है कि काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य के पद के साथ-साथ राज्य बार काउंसिल के चेयरमैन के पद के चुनाव में समर्थन हासिल करने के लिए चार पहिया कारों और बड़ी मात्रा में नकदी के रूप में प्रलोभन दिए जा रहे हैं। मामले में हाईकोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में और दो सीनियर एडवोकेट वाली एक जांच कमेटी बनाई जाएगी, जो इन तथ्यों की जांच करेगी। पूरे मामले में उपलब्ध सामग्री की जांच और सच का पता लगाया जाएगा। कमेटी 10 दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सामने पेश करेगी।

- बार कोंसिल ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन ने जारी किया पत्र

पत्र में कहा गया है कि यह भी संज्ञान में आया है कि कुछ सदस्यों ने वकील मतदाताओं के बीच बड़ी मात्रा में पैसा खर्च करके और बांटकर सदस्यता का चुनाव जीता है। इन तथ्यों, रिपोर्टों और प्राप्त जानकारी को देखते हुए, पूरी संभावना है, और वास्तव में एक वास्तविक और आसन्न आशंका है, कि ऐसे व्यक्ति भ्रष्ट, अवैध और अनैतिक तरीकों को अपनाकर पदाधिकारी चुने जा सकते हैं, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पवित्रता कमजोर होगी। यह भी कहा गया है कि यह भी संज्ञान में आया है कि कुछ गैर-प्रैक्टिसिंग वकीलों ने भी गलत तरीकों को अपनाकर खुद को चुनाव जितवा लिया है।

### पूरे मामले की होगी जांच

यदि यह साबित होता है, तो ऐसा आचरण कानूनी पेशे को नियंत्रित करने वाले वैधानिक ढांचे के विपरीत होगा और बार के स्व-नियमन के मूलभूत सिद्धांतों पर प्रहार करेगा। यह भी ध्यान देने योग्य है कि, छत्तीसगढ़ बार काउंसिल के पिछले चुनावों में धांधली के गंभीर आरोप लगाए गए थे, जो वर्तमान चुनावों में कड़ी जांच और संस्थागत सावधानी की आवश्यकता को पुष्ट करता है। पूरे मामले की जांच की बात भी कही गई है। साथ ही कहा गया है कि जो लोग गलत कामों या भ्रष्ट आचरण में शामिल पाए जाएंगे, उन्हें चुनाव लड़ने या कोई पद धारण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, और ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

# 23 समितियों में खरीदी की लिमिट बढ़ाने शासन को प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के 23 धान उपार्जन केंद्रों में प्रतिदिन की खरीदी लिमिट में बढ़ोतरी के लिए जिले से शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अंतर्गत खरीदी की वर्तमान स्थिति एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव भेजे गए हैं। एक से दो दिनों के भीतर लिमिट में बढ़ोतरी संभव है।

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी को अब गिनती के दिन शेष हैं। ऐसे में सारे किसानों में धान बेचने के लिए होड़ सी मची हुई है। दिक्कत यह है कि धान बेचने के लिए किसानों को पहले विधिवत टोकन कटवाने होंगे, लेकिन टोकन आसानी से काटे नहीं जा रहे हैं। टोकन के लिए सत्तर तीस का रेश्यो बनाया गया है। इसके अंतर्गत सत्तर प्रतिशत टोकन मोबाईल एप एवं तीस प्रतिशत टोकन समितियों से जारी होने हैं। इधर छोटे किसानों के असानी से टोकन कट रहे हैं, लेकिन बड़े किसानों का नंबर लगने से पहले ही टोकन फुल हो जा रहे हैं। इस समस्या के चलते उपार्जन केंद्रों की ओर से आने वाली लिमिट बढ़ोतरी की मांग को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन द्वारा 23 केंद्रों में प्रतिदिन की खरीदी की लिमिट बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। उम्मीद की जा रही है कि एक से दो दिनों के भीतर केंद्रों में लिमिट बढ़ा दी जाए।

### एक-दो दिनों में संशोधन संभव



### एक दो दिन में बढ़ेगी लिमिट

अभी 23 उपार्जन केंद्रों में लिमिट बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। एक-दो दिनों में लिमिट में बढ़ोतरी हो भी जाएगी। जरूरत के अनुरूप अन्य समितियों में भी आवश्यकतानुसार लिमिट बढ़ाने के प्रस्ताव भेज दिए जाएंगे।

**- अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

### बाइक की टक्कर से मां-बेटी की मौत, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार से खतरनाक तरीके बाइक चलाते हुए युवक ने मां बेटी को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर लिया है।


आरोपी

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, जरहागांव अमोरा निवासी उर्मिला मनहर पति सुमेंद्र मनहर 35 साल अपनी बेटी मान्यता मनहर 4 साल के साथ मायका परसदा आई थी। 5 जनवरी को सोमवार की शाम 7 बजे मां बेटी सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान बाइक क्रमांक ओडी 01 एएस, 7268 सवार जशपुर विश्रामपुर वर्तमान पता 27 खोली सर्किट हाउस निवासी डेनिस मिंज पिता अजय मिंज 19 साल ने तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए मां बेटी को टक्कर मार दी। घायल मां बेटी को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया गया था।

### एएलपी और एल500 और ट्रैक मेंटेनर के 3 हजार से अधिक पद रिक्त हैं एसईसीआर में

# ट्रैक और इंजन की संख्या बढ़ी लेकिन कर्मचारियों की संख्या 15 साल पहले की तरह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर बिलासपुर जोन में अधोसंरचना के नाम पर रेलवे ट्रैक की संख्या के अलावा गाड़ियों के इंजन की संख्या में भी इजाफा हुआ, लेकिन कर्मचारियों की संख्या अभी भी 15 साल पहले की तरह बनी हुई है। अभी भी एसईसीआर के तीनों डिवीजन में ट्रैक मेंटेनर के पद तीन हजार से अधिक और लोको पायलट के रिक्त पदों की संख्या 4500 से अधिक है। इसके कारण कर्मचारियों को डबल काम करना भी मजबूरी हो गई है। रेलवे की इस लचर व्यवस्था के कारण प्रतिवर्ष और प्रतिमाह किसी न किसी तरह की दुर्घटना हो रही है, जिसमें सुधार कार्य भी रेल प्रशासन नहीं कर पा रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में तीन डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर को शामिल किया गया है। इसमें करीब 315 से अधिक छोटे-बड़े स्टेशनों की संख्या है। हावड़ा-मुम्बई मुख्य रेल लाइन के बीच में बने एसईसीआर जोन में यात्री गाड़ियों के अलावा सबसे अधिक परिचालन होने वाली मालगाड़ियों की संख्या है। यात्री गाड़ियां जहां 100 से 110 के करीब है, जिसमें एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, पैसेंजर, मेमू शामिल हैं। वहीं लांगहॉल सहित 69 वैगनों कें साथ चलने वाली सिंगल मालगाड़ियां मिलाकर 300 से अधिक है। इन मालगाड़ियों में लांगहॉल मालगाड़ी में बीच में दो इंजन और आगे पीछे दो इंजन और ब्रेक यान मिलाकर परिचालन किया जा रहा है। मालगाड़ियों के अलावा यात्री गाड़ियों का सुचारू रूप से परिचालन करने के लिए बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर की चौथी लाइन, बिलासपुर डिवीजन के पेण्ड्रारोड से कटनी मुड़वारा के बीच तीसरी लाइन और रायपुर व नागपुर डिवीजन में तीसरी लाइन का काम पिछले 5-6 वर्षो से किया जा रहा है। इन सभी लाइन पर मैन्युअल सिग्नल के स्थान पर आटो सिग्नलिंग का भी काम हो रहा है, जिसमें एक लाइन पर तीन गाड़ियों का परिचालन एक-एक किलोमीटर के अंतराल में किया जा सकता है। यह सारे कार्य तो रेल प्रशासन कर रही है, लेकिन इस लाइन पर काम करने वाले मुख्य रूप से मैदानी अमले को काफी दिक्कत हो रही है। इसका कारण है कि रेलवे ट्रैक पर सबसे अधिक कार्य करने वालों में ट्रेन चलाने वाले रनिंग स्टाफ और ट्रैक मेंटेनर रहते हैं। ट्रैक और इंजन की संख्या तो रेल प्रशासन ने बढ़ा दी है, लेकिन अभी भी रनिंग स्टाफ और ट्रैक मेंटेनर की संख्या 15 साल पहले की तरह है, जिसके कारण एक-एक कर्मचारियों पर काम का बोझ अधिक होने से घटनाएं हो रही है।



### चाहिए 11 हजार से अधिक ट्रैकमैन

आल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष राजेन्द्र कौशिक ने बताया कि एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में तीसरी लाइन के स्थान पर चौथी लाइन, दो लाइन के स्थान पर तीसरी लाइन व अन्य कार्यो को किया जा रहा है। ट्रैकमैन की संख्या वर्ष 2021-22 में 8500 से अधिक थी, उस दौरान भी जरूरत 11 हजार से अधिक की थी। इसके लिए कई बार जोनल, डिवीजन के साथ रेलवे बोर्ड स्तर पर भी मांग की गई है। इस बीच कई कर्मचारियों का निधन होने से संख्या भी कम हो गई है। कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रिक्त पदों को भरने के लिए कई बार मांग की गई है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन के अलावा कुछ भी प्राप्त नहीं होता है।

### 4500 पद रिक्त हैं एएलपी के, हो रही परेशानियां

ऑल इंडिया रेलवे रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के अनुसार सवारी व माल गाड़ियों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि करने, सामानांतर लाइनों की संख्या व सिग्नलों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि की जा रही है। एसईसीआर मालगाड़ी लदान लक्ष्य में प्रतिवर्ष नए कीर्तिमान स्थापित करता है, जबकि लोको पायलट संवर्ग के 4500 पद रिक्त हैं। अतिरिक्त कार्य का मनोवैज्ञानिक दबाव प्रति लोको पायलट पर रहता है। सिंहपुर जैसी भीषण दुर्घटना के बावजूद लांग आवर्स ड्यूटी लगातार कराई जा रही है। इसमें साईन ऑन से साईन ऑफ 9 घंटे के स्थान पर 14-16 घंटे ड्यूटी को ब्रेक कर दो भागों में दर्शाकर कागजों में 12 घंटे ड्यूटी का मानक स्थापित किया जा रहा है।

### की जाती है भर्ती

रेलवे का एक कैलेण्डर होता है, जिसमें रिक्त पदों की भर्ती की प्रक्रिया नियमानुसार की जाती है। रेलवे कैलेण्डर के अनुसार पिछले वर्ष और इस वर्ष भी कुछ पदों पर भर्ती की गई है, ताकि कर्मचारियों की कमी को पूरी की जा सके।

**- सुस्कर विपुल विलास राव**
सीपीआरओ, एसईसीआर

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए नियुक्त किए समन्वयक

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 10 जनवरी से 25 फरवरी तक मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला, शहर, नगर, ब्लॉक, मंडल, पंचायत स्तर पर निर्धारित कार्यक्रम आयोजन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश पर जिलेवार जिला समन्वयकों की नियुक्ति की गई है। कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा बचाओ संग्राम के सफल आयोजन के लिए जिला समन्वयकों की नियुक्ति की है। इसमें बिलासपुर जिला ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी को जांजगीर-चांपा जिला समन्वयक बनाया गया है, जबकि बिलासपुर के लिए सुबोध हरितवाल और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के लिए शैलेष पांडेय, आशीष सिंह ठाकुर बेमेतरा, राजेन्द्र साहू दुर्ग, प्रेमचंद जायसी मुंगेली, शाहिद खान रायपुर, प्रतिमा चंद्राकर बलौदाबाजार, विनोद चंद्राकर गरियाबंद, कन्हैया अग्रवाल महासमुंद, सुनील महेश्वरी धमतरी, सीमा वर्मा बालोद, दीपक दुबे राजनांदगांव, भुवनेश्वर बघेल मोहला मानपुर अंबागढ़, प्रमोद दुबे खैरागढ़ छुईखदान गंडई, थानेश्वर पाटिला कवर्धा, शकील रिजवी जगदलपुर, अवधेश गौतम सुकमा, बीरेश ठाकुर नारायणपुर, नरेश ठाकुर कोण्डागांव, रेखचंद जैन बीजापुर, विकास चोपड़ा कांकेर, पूर्णचंद पाढ़ी दंतेवाड़ा, प्रशांत मिश्रा सक्ती, अमरजीत चावला रायगढ़, भानुप्रताप सिंह जशपुर, विकास शर्मा सारंगढ़ बिलाईगढ़, प्रेमसाय सिंह सरगुजा, जेपी श्रीवास्तव सूरजपुर, द्वितेन्द्र मिश्रा बलरामपुर, गुलाब कमरो कोरिया, अंबिका सिंहदेव मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले का समन्वयक बनाया गया है।

### लायंस क्लब द्वारा वैकटेश मन्दिर में गरम कपड़े का वितरण



**बिलासपुर।** बुधवार को लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा नव वर्ष के सातवें दिन वैकटेश मन्दिर सिम्स के सामने सदर बजार में रहने वाले संस्कृत के छात्रों को गरम कपड़े और कंबल का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में मनजीत सिंह अरोरा, डॉ हर्ष पान्डेय, अरविंद दीक्षित, रमेश अग्रवाल , डॉ अरूण शुक्ला, विमल केडिया, इतफाक सागरी ने सम्मिलित होकर सेवा कार्य किया। ज्ञात हो कि नव वर्ष के उपलक्ष्य में क्लब द्वारा सात दिन तक लगातार सेवा का संकल्प के तहत सेवा कार्य किया गया।

### 6 माह से पानी पंप खराब, निगम नहीं कर रहा सुनवाई, मिल रहा गंदा पानी



**बिलासपुर।** मसानगंज महिला थाना के पास स्थित नगर निगम का मोटर पंप पिछले 6 माह से जल गया है। इससे यहां के लोग काफी परेशान हो रहे हैं। पंप से गंदा पानी की सप्लाई होने से लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी न तो वार्ड पार्षद इसे सुधारने का नाम ले रहा है और न ही निगम के कर्मचारी। उनका कहना है कि जला हुआ पंप का समान नहीं मिलने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ ले रहे हैं। इसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को हा रहा है। स्थानीय पार्षद भी लोगों की समस्या को सुनने को तैयार नहीं है। उन्हें नगर निगम आफिस भेजकर अपने दायित्व से मुक्ति पा ले रहा है। अब क्षेत्र के लोग जाए तो कहां जाए। निगम प्रशासन की उदासीनता के चलते यहां के लोगों को पंप से गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। निगम प्रशासन से शीघ्र ही इस पंप को सुधारवाने की मांग स्थानीय लोगों ने की है। वार्ड में गंदा पानी की सप्लाई होने से लोग बीमारी के शिकार रहे हैं।

### जिले के सभी 486 ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार एवं आवास दिवस



**बिलासपुर।** जिले के सभी 486 ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार, आवास एवं आजीविका से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लाभ दिलाना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों के नामों का वाचन कर उन्हें अवगत कराया गया। हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए प्राप्त किश्तों, मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी भुगतान, निर्माण सामग्री की उपलब्धता, तथा अन्य विभागों के साथ अभिसरण के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को विकसित भारत-जी राम गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अब ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों की रोजगार गारंटी उपलब्ध कराई जाएगी। सभी ग्राम पंचायतों में आजीविका डबरी निर्माण कार्य के संबंध में ग्रामीणों को अवगत कराया गया। डबरी निर्माण से मत्स्य पालन एवं अन्य आजीविका गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे प्रत्येक माह की 7 तारीख को होने वाले रोजगार एवं आवास दिवस में सक्रिय रूप से भाग लें।

### अतिविशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार मिलेगा दिलीप को

**बिलासपुर।** अतिविशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह को चयनित किया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दिलीप सिंह एसईसीआर नागपुर डिवीजन के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हैं, जिन्हें यात्री सेवाओं की गुणवत्ता में सतत सुधार, डिजिटल एवं पारदर्शी टिकिटिंग प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व संरक्षण, सुरक्षा एवं आकलन से संबंधित विभिन्न एप्लीकेशन के विकास, गैर किराया राजस्व में उल्लेखनीय एवं अभूतपूर्व वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए पुरस्कार देने के लिए चयनित किया गया है।

**सीयू में राष्ट्रीय परिसंवाद** | बदलते जीवन संदर्भ विषय पर एक दिवसीय आयोजन

# कहानी में जीवन के सभी आयाम शामिल: कुलपति प्रो. चक्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथि का सम्मान करते कुलपति प्रो. चक्रवाल।

गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में समकालीन हिंदी कहानी बदलते जीवन संदर्भ विषय पर 7 जनवरी को रजत जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि हिंदी जनमानस की भाषा है।

कहानियां जीवन के सभी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष आयामों के साथ हमारे भविष्य को गढ़ने का ब्योरा होती हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी के भीतर एक कलाकार मौजूद है जिसे अभिव्यक्ति की तलाश होती है जो कला के किसी भी माध्यम से अभिव्यक्त होता है। कहानी लेखन गंभीर कला है जिसमें साहित्यकार सामाजिक संवेदनाओं का निरुपण निष्पक्षभाव से करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुवनेश्वर ओडिशा के प्रो. बसंत कुमार पंडा ने कहा कि यह परिसंवाद बहुत समसामायिक विषय पर आयोजित हो रहा है। हिंदी भारतवर्ष की सर्वग्राही भाषा है। उन्होंने संस्कृत और ओड़िया साहित्य के संदर्भ में सत्य, सौंदर्य और मानवतावाद पर प्रकाश डाला तथा कहानी को "क्षण का भाष्य" बताया। कहानी समसामियकता को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम है। विशिष्ट अतिथि एयू भोपाल के पूर्व कुलपति प्रो. मोहनलाल छीपा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा में शिक्षा पर बल दिया गया है। तकनीकी शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा की बहुत सारी किताबें अब हिंदी में सुलभता से अपलब्ध हैं।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कथाकार ग्वालियर महेश कटारे ने कहा कि कहानी का अंत नहीं होता बल्कि वो नए कलेवर और नए संदर्भों के साथ आपके सामने नए स्वरूप में प्रस्तुत होती है। कहानी का उद्देश्य वास्तविकता के करीब होता है। कहानी स्थिति, परिस्थिति और देशकाल का बोध कराती है।

### परिसंवाद में तीन सत्र आयोजित किए गए

इस दौरान तकनीकी सत्र- परिसंवाद में तीन सत्रों का आयोजन हुआ। प्रथम सत्र जिसमें सामाजिक संवेदना और समकालीन कथा परिदृश्य में जया जादवानी, रायपुर एवं प्रो. मुन्ना तिवारी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी मुख्य वक्ता थे। सत्र की अध्यक्षता महेश कटारे ने की। संचालन डॉ. रमेश गोहे ने किया। दूसरे सत्र का विषय समकालीन कहानी विमर्श रहा जिसमें मीना गुप्ता भिलाई मुख्य वक्ता रहीं। अध्यक्षता रजनी गुप्त लखनऊ ने की। समापन सत्र में हिंदी की लंबी कहानियों- औपन्यासिक विकल्प की तलाश विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। सत्र का संचालन अखिलेश तिवारी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मुरली मनोहर सिंह ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान तरंग बैंड के छात्र-छात्राओं ने कुलगीत की संगीतमय प्रस्तुति दी। अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की संजोयक प्रो. गौरी त्रिपाठी ने स्वागत उद्बोधन दिया। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. अश्विनी कुमार दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सभी मंचस्थ अतिथियों को सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन प्रो. अनुराग चौहान ने व संचालन डॉ. मुरली मनोहर सिंह ने किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए वरिष्ठ साहित्यकारों के साथ विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

12 साल पहले ग्राउंड बनाने के लिए रेलवे बोर्ड ने 7 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की थी

# रेलवे में 30 करोड़ का इंडोर स्टेडियम अब तक नहीं आ रहा कागजों से बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने इंडोर स्टेडियम का निर्माण करने निर्णय लिया है। यह निर्माण कार्य सेकेरसा स्टेडियम के बगल और बाक्सिंग ग्राउंड के सामने किया जाना है, जिसके लिए 30 करोड़ रुपए की राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। इसके बाद भी अब तक स्टेडियम का काम कागजों के अंदर बंद पड़ा हुआ है, जिसकी एक नींव भी उक्त स्थान पर नहीं रखी गई है। इसकी वजह से बाहर से आकर खानाबदोश रेलवे की जमीन पर धीरे-धीरे अपना कब्जा जमाने लगे हैं।

12 साल पहले बिलासपुर रेल मंडल को एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड बनाए जाने के लिए रेलवे बोर्ड ने 7 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी। बजट में मिली एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड की राशि की घोषणा के बाद रेल प्रशासन ने जगह की तलाश कर रहा था। काफी खोजबीन करने के बाद रेलवे बाक्सिंग ग्राउंड सेकेरसा स्टेडियम के बगल में खाली जगह पर एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान बनाने का निर्णय हुआ, लेकिन तकनीकी कारणों से ग्राउंड बनाने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। रेलवे बोर्ड ने बिलासपुर रेलवे को दी गई राशि दूसरे रेलवे को ट्रांसफर कर दी। इसके कारण शहर और रेलवे के हॉकी खिलाड़ियों को काफी निराशा हुई। एक बार फिर रेल प्रशासन की ओर से सेकेरसा स्टेडियम के बगल में एक आलीशान ग्राउंड बनाने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार रेलवे क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए एनईआई के अलावा सेकेरसा और बाक्सिंग ग्राउंड बने हुए हैं, जहां बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबाल, टेबल टेनिस, स्वीमिंग, स्केटिंग, कैरम, बाक्सिंग व अन्य खेलों की सुविधा दी जा रही है। रेल प्रशासन समय-समय पर ग्राउंड के मेंटनेंस भी करती है। इसके साथ ही रेलवे बोर्ड के आदेश पर एक मल्टी स्पोर्टस काम्पलेक्स का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है।

### ट्रांसफर हो गई थी एस्ट्रोटफ की राशि

जिस स्थान पर इंडोर स्टेडियम के लिए 30 करोड़ रुपए की राशि रेलवे बोर्ड ने आबंटित की है। वहां जोनल का आफिस खोलने की मांग की जा रही थी, जिसे रेल प्रशासन के अफसरों ने इंकार कर दिया। सालों पहले भी इसी स्थान पर एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान के लिए रेलवे बोर्ड की ओर से सात करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई थी। जगह चिन्हांकित करने के बाद सर्वे भी पूरा कर लिया गया, लेकिन कई दिन तक रेल अफसरों के काम नहीं किए जाने के कारण सात करोड़ रुपए की राशि रेलवे बोर्ड ने दूसरे जोन में ट्रांसफर कर दी। इसके कारण जिले के हॉकी खिलाड़ी मायूस हो गए थे।

### चढ़ेगी पेड़ों की बलि

इस ग्राउंड के अलावा बिलासपुर रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित करने का कार्य भी किया जा रहा है। ग्राउंड और स्टेशन डेवलपमेंट कार्य से पहले बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम प्रवीण पाण्डेय ने अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बिलासपुर रेलवे स्टेशन सहित आसपास का निरीक्षण व सर्वे किया है। इस सर्वे में एक सड़क का चौड़ीकरण भी शामिल है, जहां से लोग व्यापार विहार से तारबाहर से होते हुए स्टेशन की ओर आना-जाना करते हैं। इस सड़क को 35 से 40 फीट तक चौड़ा किया जाना है। इन दोनों कार्यों के लिए रेलवे के क्वार्टर सहित अन्य बिल्डिंग के साथ करीब 100 से अधिक हरे-भरे पेड़ बाधा बन रहे हैं, जिसे काटने का निर्णय लिया गया है।

### ली जाएगी जानकारी

सेकेरसा के बगल में इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाना है। वर्तमान में इसकी स्थिति क्या है कि इसकी कोई भी सूचना प्राप्त नहीं है। यह कार्य खेल विभाग से संबंधित है, इसलिए मुख्यालय से जानकारी प्राप्त कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# 25 वर्ष में चौकसे कालेजेस ने हासिल की उपलब्धियां




**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी एवं सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ संस्थान के रजत जयंती वर्ष पर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर नवाचार, तकनीकी प्रतिभा एवं सांस्कृतिक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधानसभा के विधायक सुशांत शुक्ला एवं अटल विहारी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ए. डी. एन. वाजपेयी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता चौकसे कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने की। कल्चरल परेड आयोजित की गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय टॉपर्स, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल उपलब्धि प्राप्त छात्रों, एनएसएस एवं एनसीसी में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही महाविद्यालय की ई-मैगजीन उड़ान हौसलों की' का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि 2001 में जिस चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज का आरंभ इस क्षेत्र में टेक्निकल और क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए किया गया था। आज वही स्वप्न हजारों विद्यार्थियों के भविष्य, उपलब्धियों तथा आत्मनिर्भरता के रूप में साकार हो रहा है। विशिष्ट अतिथि कुलपति डॉ. ए. डी. एन. वाजपेयी ने कहा कि किसी भी महाविद्यालय को खोलना आसान है, लेकिन उसे लंबे समय तक चलाना बहुत कठिन काम है। बिना गुणवत्ता से समझौता किए महाविद्यालय को इतने लंबे समय तक चलाने के लिए प्रबंधन बधाई का पात्र है। मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि आपके महाविद्यालय के साथ हमारा छत्तीसगढ़ भी 25 वर्ष पूर्ण कर चुका है यह बहुत बड़ी उपल्बधि है। वहीं विशिष्ट अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि चौकसे समूह ने बिलासपुर क्षेत्र में एक ऐसा निजी शैक्षणिक संस्थान प्रदान किया जिसकी आवश्यकता 25 वर्ष पूर्व थी। आपने तकनीकी शिक्षा में 'नवा सवेरा के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इस दौरान कोर्ट रूम कलैश (डिबेट प्रतियोगिता), टेक ट्रेजर हंट, एल्गो वार, फार्मा टैलेंट हंट सहित अनेक तकनीकी एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रंगीन सजावट एवं आकर्षक प्रकाश व्यवस्था ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया। यह आयोजन चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की समग्र शिक्षा, नवाचार एवं राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

■ समारोह में शामिल हुए अमर और सुशांत

# रमन विवि में 285 विद्यार्थियों ने किया विज्ञान मॉडलों में प्रतिभा का प्रदर्शन, पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

**बिलासपुर।** डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए शोध शिखर कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विज्ञान पर्व 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय "इनोवेशन फॉर इंपैक्ट: एडवांसिंग ग्रीन टेक्नोलॉजी एंड सस्टेनेबल गोल्स फ़ॉर विकसित भारत" रखा गया, जो वर्तमान समय की वैश्विक और राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप है।

इस बाल विज्ञान पर्व में प्रदेश के 50 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 285 विद्यार्थियों ने अपने-अपने विज्ञान मॉडलों के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इग्नू के प्रोफेसर संजय अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के विज्ञान पर्व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे न केवल उनकी रचनात्मक क्षमता बढ़ती है, बल्कि वे समाज और



पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझते हैं। भविष्य के वैज्ञानिक, इंजीनियर और नवोन्मेषक इसी प्रकार के मंचों से तैयार होते हैं। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि कि आज का भारत तभी विकसित राष्ट्र बन सकता है, जब उसकी युवा पीढ़ी विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़े। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि सीखना तभी फलीभूत होता है जब आप उसे अच्छे से अच्छा प्रेजेंट कर सकें।

**ये रहे विजेता छात्र-** कक्षा 9वी- प्रथम-पीएम श्री डीकेपी कोटा, द्वितीय आधारशिला स्कूल बिलासपुर, तृतीय - इंडस पब्लिक स्कूल कोरबा, कक्षा 10वीं- प्रथम पुरस्कार इंडस पब्लिक स्कूल कोरबा, द्वितीय गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल नेवरा, -तृतीय गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल नेवरा रही। कक्षा 11वीं प्रथम पुरस्कार-पीएम श्री डीकेपी कोटा, द्वितीय सेंट विंसेंट पालिटी स्कूल बिलासपुर, तृतीय गवर्नमेंट स्कूल उसलापुर रही। इसी तरह कक्षा 12वीं में प्रथम भारत माता स्कूल बिलासपुर, द्वितीय भारत माता स्कूल बिलासपुर, तृतीय - कर्नल अकैडमी स्कूल बिलासपुर रही। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ अमित शुक्ला, प्रोफेसर डॉ विवेक अंबलकर, ,और आरके पांडे थे।

# एसआईआर में 1500 मतदाताओ को सी केटेगरी में डालने का विरोध, पूर्व सभापति ने सौंपा पत्र

**बिलासपुर।** पूर्व सभापति शेख नजीरुद्दीन ने आज कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर के वार्ड 26 अशफाक उल्ला खां में एसआईआर में लगभग 1500 मतदाताओ को सी केटेगरी में डालने को लेकर शिकायत पत्र देकर समस्या का निराकरण करने की मांग की।



नजीरुद्दीन ने बताया कि जो मतदाता आवश्यक डाक्यूमेंट्स के साथ फार्म जमा किए है उनके नाम को भी सी कटेगरी में डाल दिया गया है। पिता की दो सन्तान में से एक का नाम ओके कर दिया गया वहीं दूसरे के नाम को केटेगरी सी में डाल दिया गया है। शेख नजीरुद्दीन ने कहा कि वार्ड 26 में आर्थिक रूप से कमजोर लोग हैं जिनके माता-पिता के पास आवश्यक डाक्यूमेंट्स नहीं। केवल 2003 के एसआईआर में नाम है पर किराए के मकान में रहते उनके पास न जन्म स्थान के डाक्यूमेंट्स है और न ही जन्म प्रमाण पत्र है। ऐसी स्थिति में उन लोगो के नाम मतदाता सूची में कैसे जोड़े जाएंगे ? और यदि इस समस्या का हल नही निकला तो बड़ी संख्या मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने आश्वस्त किया कि जितने भी इस तरह के प्रकरण है ,उसे समय पर जमा कराए और उस पर समुचित कार्यवाही करेंगे। प्रतिनिधि मंडल मे ऋषि पांडेय,अर्जुन सिंह ,अब्दुल रज्जाक थे।

भगवान राम व विकसित भारत का विरोध करके कांग्रेस क्षेत्रीय पार्टी बनकर रह गई

# ग्रामीण विकास के लिए वीबी जी राम जी योजना ऐतिहासिक कदम: अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने बुधवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के अंतर्गत राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार किया गया है जो एक ऐतिहासिक कदम है।

यह रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन बिल ग्रामीण भारत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन विपक्षी पार्टी कांग्रेस द्वारा इसका विरोध कर भ्रम फैलाया जा रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि भगवान राम और विकसित भारत जैसे विषयों का विरोध कर कांग्रेस पार्टी आज अखिल भारतीय से क्षेत्रीय पार्टी के रूप में तब्दील हो गई है। विधायक अमर अग्रवाल ने बताया कि इस बिल से अब लोगों को 100 दिन के बजाए 125 दिन का रोजगार मिलेगा, जबकि अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में यह सीमा 150 दिन तय की गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दल इस बिल को लेकर भ्रम फैलाने में लगे है। संसद में इस बिल को लेकर चर्चा हुई तब सभी दलों ने इस चर्चा में भाग लिया और बहस के बाद विधेयक पारित हुआ। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विपक्षी दलों को विकसित और राम शब्द से ही तकलीफ हो रही है। उन्होंने स्थिति को और स्पष्ट करते हुए कहा कि पूर्व में ग्रामीण रोजगार के लिए योजनाएं बनाई गई थी। उन्होंने रोजगार योजनाओं का उल्लेख करते हुए इसके इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1980 के दशक से पहले भी देश में रोजगार आधारित योजनाएं थी, जिन्हें तत्कालीन सरकारों ने समय-समय पर इसका नाम दिया और योजनाओं में तत्कालीन आवश्यकताओं के अनुरूप परिवर्तन किया। श्रीमती इंदिरा गांधी ने पुरानी रोजगार योजनाओं को मिलाकर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना नाम दिया, जिसे राजीव गांधी ने जवाहर रोजगार योजना नाम दिया। सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार ने 2004 में इसे नरेगा फिर 2005 में मनरेगा नाम दे दिया। श्री अग्रवाल ने बताया कि इसी तरह आवास योजना का नाम पहले ग्रामीण आवास था जिसे 1985 में राजीव गांधी ने बदल कर इंदिरा आवास योजना कर दिया।

### 15 दिनों में भुगतान होना था

कृषि को ध्यान में रखते हुए 60 दिन खेतिहर मजदूरों के लिए काम बंद कर दिया जाएगा, ताकि कृषि कार्यों के लिए श्रमिकों की कमी न हो। मनरेगा में 15 दिनों में भुगतान होता था अब नये बिल में हर हफ्ते भुगतान होगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने देश के लगभग 600 संस्थानों योजनाओं और पुरस्कारों में गांधी परिवार का नाम रखा है। देश के खेल रत्न अवार्ड को भी राजीव गांधी के नाम पर रखा गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल, सुभाशचंद्र बोस और लाल बहादुर शास्त्री जैसे नेताओं के साथ दोयम दर्जे का बर्ताव किया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजभवन को लोकभवन, राजपथ को कर्तव्य पथ रेस कोर्स रोड को लोक कल्याण मार्ग और प्रधानमंत्री कार्यालय को सेवा तीर्थ का नाम दिया है। प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल के साथ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर मिश्रा, भाजपा बिलासपुर शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, भाजपा बिलासपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, महापौर पूजा विधानी, जिला मीडिया प्रभारी केके शर्मा, जिला सहप्रभारी दुर्गेश पाण्डेय, सोशल मीडिया प्रभारी देवेश खत्री उपस्थित रहें।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



# नाट्य मंचन से दिया मोबाइल के सदुपयोग का संदेश





बिलासपुर। शासकीय उच्च शिक्षण अध्ययन संस्थान में सुंदर निकेतन के द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, भारतीय संस्कृति से लेकर आधुनिकता का समावेश लिए हुए सुंदर डेकोरेशन के साथ प्रशिक्षार्थियों के द्वारा लोकगीत,लोक नृत्य, नाटक आदि संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया। छठ पूजा, श्रवण कुमार,भरथरी गायन महिषासुर मर्दिनी गीत द्वारा अवतार से लेकर पंथी नृत्य छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं लेकर बस्तरिया तक की प्रस्तुति दर्शकों को एवं निर्णायकों का मन मोह लिया। मोबाइल फोन के सदुपयोग नाटक द्वारा समाज को जागृत करने का संदेश दिया गया कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति में हो जाओ तैयार साथियों सुंदरम समूह के द्वारा उत्साह और ऊर्जा का प्रेरक संदेश दिया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य सुनील चिपड़े,अरुण भांगे, वादक कलाकार ओम परमानंद वैष्णव,राजेश्वर प्रसाद वस्त्रकार, कृष्णानंद चौबे, वहीं कलाकारों को तैयार करने में नगर के प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट दम्पति अतुल कांत खरे एवं अंजना खरे ने अपना योगदान दिया। सांस्कृतिक प्रभारी डॉ अजीता मिश्रा, प्रभारी डॉ दुष्यंत चतुर्वेदी सहित प्राचार्य, प्राध्यापक गण एवं बी एड,एम एड के सभी प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

वेकैंसी

## रेलवे में आइसोलेटेड कैटेगरी पर निकली भर्ती, 29 तक आवदेन

**बिलासपुर।** रेलवे में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से आइसोलेटेड कैटेगरी के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। जो भी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल पोर्टल पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन करने की लास्ट डेट 29 जनवरी एवं फीस जमा करें की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित है। रेलवे की ओर से आइसोलेटेड कैटेगरी के अंतर्गत कुल 312 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। पद का नाम एवं उनकी संख्या की डिटेल आप यहां चेक कर सकते हैं। इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी का पदानुसार 12वीं से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट होना तक आवश्यक होगा। इसके अलावा भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तय की गई है। वहीं, अधिकतम आयु पदानुसार 30/ 32/ 33/ 35/ 40 वर्ष निर्धारित है। उम्र की गणना 1 जनवरी 2026 के अनुसार होगी। पात्रता एवं मापदंड की पदानुसार डिटेल के लिए अभ्यर्थी एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।




पहल

## दीक्षित परिवार ने सिम्स में किया वाटर कूलर भेंट



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ पेयजल व्यवस्था के लिए दीक्षित परिवार की ओर से पहल की गई। स्वर्गीय सूर्य कुमारी दीक्षित एवं स्वर्गीय राजनारायण दीक्षित की पुण्य स्मृति में सरकंडा अरविंद मार्ग निवासी दीक्षित परिवार द्वारा सिम्स अस्पताल को एक आधुनिक वाटर कूलर दान में प्रदान किया गया, जिसमें ठंडे एवं गर्म दोनों प्रकार के पानी की व्यवस्था उपलब्ध है। ताकि मरिजों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुरूप उन्हें सुविधा मिल सके। इस सेवा-कार्य का उद्घाटन गरिमामय समारोह में किया गया। कार्यक्रम में बिलासपुर जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह, सिम्स के अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ मधुमिता मूर्ति, नोडल अधिकारी डॉ भूपेंद्र कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे।

धर्म-क्षेत्र

## धन गुरु नानक दरबार में सुखमनी साहिब का पाठ



**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु नानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग दरबार में श्री मेहरबान सिंह साहिब की मासिक वरसी श्रद्धा भक्ति से मनाई गई। इस दौरान जपुजी साहेब व सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। नवसारी गुजरात से आए भाई साहब सन्नी मूलचंदानी ने संगत को सत्संग कीर्तन से निहाल किया। दरबार के प्रबंधक भाई साहब मूलचंद नारवानी ने विश्व कल्याण के लिए अरदास की। आयोजन में सोनू मूलचंदानी, सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, राजकुमार कलवानी, दिलीप जगमलनी, राजू धामेचा, जगदीश सुखीजा, चंदू मोटवानी, नरेश मेहरचदानी, भोजराज नारवानी, मेघराज नारा, अशोक, जगदीश जज्ञासी, विष्णु धनवानी, सुरेश माधवानी, अशोक मतलानी, विकास बजाज, अनीता नारवानी, पलक हर्षपाल, कंचन रोहरा, ज्योति हिंदूजा, पलक माखीजा, सोनिया, नीलम कलवानी आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों ने पेश किया ओडिसी, मराठी, बंगाली नृत्य



होली नर्सरी स्कूल में "एक शाम बच्चों के नाम" कार्यक्रम



होली नर्सरी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्ड्री स्कूल में आयोजित वार्षिक समारोह में"एक शाम बच्चों के नाम" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेश में पंजाबी, ओडिशी, मराठी, बंगाली नृत्य पेश किया। इस प्रस्तुति के माध्यम से "अनेकता में एकता" का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रीतिश सोनी वार्ड सदस्य एवं संध्या तिवारी पूर्व वार्ड सदस्य की उपस्थिति रही। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसकी शुरुआत छत्तीसगढ़ी लोक-संस्कृति पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति से हुई। जिसने हमारी स्थानीय पहचान, परंपरा एवं सांस्कृतिक गौरव को मंच पर जीवंत किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षिका सुजाता ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शिक्षिका माथुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### शिक्षा का है विशेष महत्व

समापन अवसर पर प्रधानाचार्या वीणा बैस एवं निदेशक राम नरेश सिंह ने शिक्षा के मूल्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व है। शिक्षा के सहारे इंसान आगे बढ़ सकता है।

## सती वियोग में शिवजी ने मचाया था तांडव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिव महापुराण में देवी सती और प्रभु शिव की कथा दो मौलिक ब्रह्मांडीय शक्तियों शिव और शक्ति के शाश्वत मिलन का प्रतीक है। सती वियोग में शिवजी ने ऐसा तांडव मचाया कि सृष्टि खतरे में पड़ गई थी, तब श्रीहरि ने अपनी चतुराई से विनाश को रोका था।

उक्त बातें पत्रकार कॉलोनी में चल रही शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन कथावाचिका ईश्वरी देवी ने माता सती प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि यह प्रसंग शिव-पार्वती विवाह और शक्तिपीठों की स्थापना के पीछे की महत्वपूर्ण घटना है। प्रजापति दक्ष ने एक महान यज्ञ का आयोजन किया, लेकिन शिव और सती को निमंत्रण नहीं दिया। सती बिना बुलाए यज्ञ में पहुंची और दक्ष द्वारा शिव का अपमान सहन न कर सकी। जिसके कारण उन्होंने यज्ञ की अग्नि में देह त्याग दिया। इससे दुखी और क्रोधित भगवान शिव ने प्रलयकारी तांडव नृत्य किया और सती के शरीर को कंधे पर उठाकर पूरे ब्रह्मांड में घूमते रहे। भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर के टुकड़े किए, जो पृथ्वी पर विभिन्न स्थानों पर गिरे और शक्तिपीठों की स्थापना हुई। यह प्रसंग भक्ति, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि कैसे देवी सती ने अपने पति के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और प्रेम के कारण अपना जीवन त्याग दिया। यह प्रसंग शक्तिपीठों की स्थापना के पीछे की कहानी भी बताता है। वहीं आज भी भक्तों के लिए यह महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है।





### पूर्व विधायक ने लिया श्रवण लाभ

शिव महापुराण कथा का श्रवण करने बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक पहुंचे और कथा व्यास ईश्वरी देवी से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि शिव की दिव्य कथा जीवन में धर्म, सत्य और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। शिव महापुराण कथा मन से श्रवण करने पर परमात्मा के साथ आत्मा के जुड़ने का आभास भी होता है। उन्होंने भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति, स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की।

### शिव तांडव, मयूर नृत्य की प्रस्तुति

शिव महापुराण कथा के दौरान भगवान शिव के शक्तिशाली नृत्य शिव तांडव की प्रस्तुति दी गईं। जिसे देख कर दर्शक भावुक और आनंदित हुए। शिव के रौद्र और आनंद रूप के चित्रण से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हुए। वहीं वृंदावन से आए कलाकार दंपति विनय और राधा भारद्वाज ने मोर बन कृष्ण संग राधा की मयूर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी।

## संभाग से 850 और जिले के 225 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए हुए रवाना

**बिलासपुर।** श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज आस्था स्पेशल ट्रेन बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस विशेष ट्रेन को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बिलासपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। गाजे बाजे और पारंपरिक नृत्य, तिलक लगाकर, फूल माला और पुष्प वर्षा से भक्तों का स्वागत किया गया। ये सभी श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे। श्री शुक्ला ने कहा कि श्री राम लला दर्शन योजना आस्था का सम्मान है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, सीईओ संदीप अग्रवाल मौजूद रहे। जीपीएम जिले के ग्राम झगराखार निवासी बृजलाल मानिकपुरी, अशोक चौबे, बिलासपुर की रेखा सूर्यवंशी, ग्राम परसदा के जोहन यादव और शुकवारा यादव, तारबहार की देव लक्ष्मी श्रीवास और कृष्णा बाई कश्यप ने कहा कि यह उनके जीवन का अविस्मरणीय पल है जब उन्हें श्री राम लला के दर्शन का सौभाग्य मिला है जिसके लिए वे मुख्यमंत्री की आभारी हैं। उल्लेखनीय है कि अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई इस विशेष ट्रेन में बिलासपुर जिले के 225 यात्री भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या जाने, ठहरने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी पूरी व्यवस्था रहेगी।



स्पोटर्स न्यूज

## डीपीएस के बच्चों ने राष्ट्रीय निशानेबाजी में लहराया परचम



**बिलासपुर।** डीपीएस बिलासपुर के निशानबाज बच्चों ने राष्ट्रीय निशानेबाजी में परचम लहराया है। शूटिंग कोच पवन दुबे ने अपेक्षा जताई है कि स्कूल के निशानेबाज निश्चित रूप से इंडियन शूटिंग टीम में अपनी जगह बनाएंगे।

खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप ने बताया कि डीपीएस के निशानेबाज 68 वें राष्ट्रीय निशानेबाजी व 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में तारुण्या शिंदे, कृतिका ठाकुर, जिज्ञासा प्रधान, आरणा कुरैशी ने राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में भाग लेकर क्वालीफाई करते हुए इंडियन शूटिंग टीम ट्रायल के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। वहीं काव्या शुक्ला, मान्या अग्रवाल, प्रिंजा मिंज, मनित कौर मक्कड़, विनीशा केसरवानी एवं ऋषभ निगम ने 10 मीटर एयर राइफल में राष्ट्रीय राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में क्वालीफाई करते हुए कुमार सुरेंद्र सिंह शूटिंग चैंपियनशिप के लिए अहर्ता प्राप्त किया। 10 मीटर एयर पिस्टल राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में रिया गौतम ने क्वालीफाई कर कुमार सुरेंद्र सिंह शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। तन्मय लाजारूस कुजूर ने भाग लेकर डीपीएस बिलासपुर के साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रोशन किया है। शूटिंग कोच पवन दुबे जो स्वयं एक राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज होने के साथ ही पदक विजेता भी रहे हैं, ने बताया कि हमारे स्कूल के निशानेबाजों ने बहुत कड़ी मेहनत की है और निश्चित रूप से इंडियन शूटिंग टीम में अपनी जगह बनाएंगे। यह विद्यालय के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के लिए बहुत ही गौरव की बात है।

### उपलब्धि पर दी बधाई

निशानेबाजों की उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ, प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती, खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप, रॉबिंसन जॉन, राजनारायण सिरमौर, निरूपा विश्वास, निशानेबाजी कोच पवन दुबे, अनुपम वर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खुशी जाहिर करते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## आयांश इलेवन ने स्काई इलेवन को 5 विकेट से हराया

- अमरकंटक इलेवन ने कुंबली इलेवन को 7 रनों से हराया

स्व.ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता बिलासपुर जिला खेल परिसर मैदान में चल रही है। प्रतियोगिता के दसवें दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच स्काई इलेवन और आयांश इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच के अतिथि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय,एसडीएम मनीष साहू,तहसीलदार आकाश गुप्ता,एन एस यू आई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय रहे। सभी अतिथियों ने टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। टॉस जीतकर आयांश इलेवन टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्काई इलेवन की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 63 रन बनाए। स्काई इलेवन के बल्लेबाज की ओर से बल्लेबाज कार्तिक ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। आयांश इलेवन आयांश इलेवन के गेंदबाज परिवेश ने सर्वाधिक 3 विकेट अर्जित किए। 10 ओवरों में 64 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयांश इलेवन की टीम ने 8वें ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रकार आयांश इलेवन की टीम ने यह मैच 5 विकेट से जीत लिया।

आयांश इलेवन के खिलाड़ी परिवेश को उनके ऑलराउंडर प्रदर्शन लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया।



### दो मैच खेले गए

दूसरा मैच अमरकंटक इलेवन और कुंबली इलेवन पाटन के मध्य खेला गया। इस मैच के अतिथि के रूप में पूर्णचंद्र पाढ़ी,पंकज सिंह,आशीष मोनू अवस्थी, आलोक सिंह परिहार, प्रकाश यादव उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। अमरकंटक इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया । पहले बल्लेबाजी करने अमरकंटक इलेवन की टीम ने निर्धारित 10ओवर में 8 विकेट खोकर 85 रन बनाए। अमरकंटक इलेवन के बल्लेबाज बालचंद ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। 86 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुंबली इलेवन की टीम 10 ओवर मे 8 विकेट खोकर मात्र 78 रन ही बना पायी और अमरकंटक इलेवन ने यह मैच 7 रनों से जीत लिया लिया। अमरकंटक इलेवन के बल्लेबाज बालचंद को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया।

## क्रिकेट संघ के मेंस सीनियर ट्रॉयल 11 को

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी वर्गो का इंटर डिस्ट्रिक्ट मैच कराया जाएगा। जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सभी जिला को निर्देशित किया गया है की सभी वर्गो का ट्रायल कराया जाए। जिसमें मेंस सीनियर ट्रायल क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा 11 जनवरी को सुबह 9 बजे कोनी के आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल में ट्रायल लिया जाएगा। जिसके लिए ट्रायल देने वाले सभी खिलाड़ी अपना ओरिजिनल डॉक्यूमेंट जैसे अंतिम 6 साल के मार्कशीट , पीवीसी आधार कार्ड, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है और साथ ही ट्रायल और रजिस्ट्रेशन फीस 500 रूपये देने होंगे,इस वर्ष जो ट्रायल लिया जा रहा है वह 2026-27 सत्र के लिए लिया जाएगा। ट्रायल लाल ड्यूज बॉल्स से लिया जाएगा और सभी खिलाड़ी सफ़ेद वेश भूषा में ट्रायल देंगे।




## अंश को मिला स्टेट चैंपियन अवार्ड

12वीं राज्य स्तरीय यूसीमास अबैकस एवं मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में राज्यभर से आए प्रतिभागियों ने अपने बौद्धिक कौशल का प्रदर्शन किया यूसीएमएएस राजकिशोर नगर से डॉ रितेश जैन के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अंश बघेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। अंश बघेल ने लिसनिंग कम्पटीशन कैटेगरी 'बी' में स्टेट चैंपियन अवॉर्ड प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने विजुअल कैटेगरी में पाँचवाँ रनर-अप स्थान भी हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं यूसीमास परिवार में हर्ष का माहौल है। यूसीमास प्रबंधन एवं केंद्र संचालकों ने अंश बघेल की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## निधन

### वीरेन्द्र पाण्डेय



**बिलासपुर।** ग्राम धनौरा ग्राम के मालगुजार वीरेन्द्र पाण्डेय का 7 जनवरी को निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार लोरमी बाई पास मुक्तिधाम मुंगेली में किया गया। वे आशीष पाण्डेय और सीए राजेश पाण्डेय के पिता थे।

### सुशीला दीवान



**बिलासपुर।** अमन विहार चडडा बाड़ी मंगला निवासी सुशीला दीवान का 7 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 8 जनवरी को सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्वर्गीय बीपी. दीवान (रेंजर ) कोना (जरहागांव ) की पत्नी एवं लोमश उमेश सुरेश सुभाष की माता थीं।

### भीमा देवी तिवारी



**बिलासपुर।** मौसाजी होंडा शो रुम के पास सरकंडा निवासी भीमादेवी तिवारी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 जनवरी बुधवार को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे भैयालाल तिवारी की पत्नी, जीवन लाल, लखन लाल, बिहारी लाल और शत्रुघ्न लाल तिवारी की माता थीं।

### उमाशंकर शुक्ला



**बिलासपुर।** ग्राम माकरी (कुंडा) वाले मुंगेली नाका बिलासपुर के निवासी, डीपी विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य रहे डॉ. उमाशंकर शुक्ला का 83 वर्ष की आयु मे 6 जनवरी को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम माकरी (कुंडा) में मंगलवार को किया गया। वे डॉ. विद्याचरण शुक्ला, डॉ. कमलेश शुक्ला, डॉ. सुरेश शुक्ला (नान्टू) के पिता थे।

### सुरेन्द्र श्रीवास



**बिलासपुर।** ग्राम निरतू घुटकू निवासी सुरेन्द्र श्रीवास का 7 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे अनुराग श्रीवास के पिता थे।

### लक्ष्मी नारायण मिश्रा



**बिलासपुर।** जोरा पारा नया सरकंडा निवासी लक्ष्मी नारायण मिश्रा का 7 जनवरी को निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्ति धाम में 8 जनवरी को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। वे स्व. रामलोचन मिश्रा के पुत्र, हरि नारायण, स्व पुरुषोत्तम, स्व. श्रीनारायण, ब्यास एवं जगत के भाई तथा प्रकाश मिश्रा, ज्योति शर्मा के पिता थे।

### सियाराम साहू



**तखतपुर।** ग्राम समडील निवासी सियाराम साहू का 85 वर्ष की आयु में 30 दिसम्बर को निधन हो गया। वे कौशल प्रसाद साहू, प्रहलाद साहू, हरिशचंद्र साहू के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम समडील में किया गया।

### प्रशांत कश्यप



**तखतपुर।** वार्ड 1 ब्लॉक कॉलोनी निवासी प्रशांत कश्यप का 28 वर्ष की आयु में 7 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे कोमल कश्यप के पुत्र व निखिल कश्यप के भाई थे।

### बसंत मसीह



**जरहागांव।** पेंड्रीडीह जरहागांव निवासी बसंत मसीह का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार प्रभु के वाटिका में किया गया। वे नितिन मसीह, विपिन मसीह, डाली मसीह व नम्रता मसीह के पिता थे।

---

### मुंगेली में माता परमेश्वरी महोत्सव की धूम

# कथा, भजन व संस्कृतिक कार्यक्रमों से भक्तिमय हुआ नगर का वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

देवांगन समाज मुंगेली के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन माता परमेश्वरी की भव्य आरती एवं संगीतमय कथा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कथा वाचक भूपेंद्र छोटू देवांगन ने माता के गुणगान के साथ-साथ देवांगन समाज की वंश परंपरा पर प्रकाश डालते हुए गोत्र उत्पत्ति, माता हरणी दीपचंद के जन्म एवं विवाह प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उनके सुमधुर भजनों और भावपूर्ण प्रस्तुति ने पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा के उपरांत कथावाचक भूपेंद्र छोटू देवांगन एवं भारत देवांगन की ओर से प्रस्तुत किए गए एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों ने समां बांध दिया। तालियों की गूंज और भजनों पर झूमते श्रद्धालुओं ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तीसरे दिन महोत्सव में खनिज अध्यक्ष पूर्व गिरीश देवांगन विशेष रूप से



कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिकजन

उपस्थित हुए। उन्होंने माता परमेश्वरी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। उन्होंने कहा कि, ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और आपसी समन्वय मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि, माता परमेश्वरी के आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं, जिससे जागरूकता बढ़ती है और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है। महोत्सव की शाम में दीपचंद माता हरणी की बारात पूरे पारंपरिक विधि-विधान के साथ निकाली गई। समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने डीजे के साथ झूमते और भजनों के साथ शहर भ्रमण किया। रात्रि 9 बजे से समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। देवांगन समाज के अध्यक्ष आनंद देवांगन एवं सोशल मीडिया प्रचारक कोमल देवांगन ने जानकारी दी कि, महोत्सव के चौथे दिन श्रम, उद्योग, वाणिज्य एवं आबकारी विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर सुबह 10 बजे से पंडाल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें समाज के सभी वगोंर् की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।

#### इनकी रही सहभागिता

आयोजन को सफल बनाने में प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु देवांगन, युवा टीम अध्यक्ष दुर्गेश देवांगन, सुदामा देवांगन, अजय देवांगन, शत्रुघ्न देवांगन, जगदीश देवांगन, अनिल देवांगन, ददुआ देवांगन, अमन देवांगन, बलराम देवांगन, भूपेंद्र देवांगन, रजत देवांगन, गोलू देवांगन, धनराज देवांगन, नानू देवांगन, भोलू, गज्जू, विकास सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उल्लेखनीय सहभागिता है।

## शाकंभरी महोत्सव में शामिल हुए गौसेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में हरदिहा मरार पटेल समाज की ओर से आयोजित मां शाकंभरी जयंती महोत्सव में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा यज्ञ में चौथे दिन कथा व्यास पं हरिहर प्रसाद पांडे ने महिषासुर वध व महालक्ष्मी चरित्र का वर्णन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छग गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल कथा श्रवण करने पहुंचे, जिनका नपं अध्यक्ष नरेश पटेल सहित समाज के लोगों ने उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

अतिथियों ने मां शाकंभरी की पूजा-अर्चना कर कथा श्रवण किया। स्वागत भाषण नरेश पटेल ने प्रस्तुत किया। विशेषर पटेल ने मां शाकंभरी की महिमा को बताते हुए कहा कि, हमें अपने सनातन संस्कृति व धर्म को बचाने हेतु मिलजुल कर सभी धार्मिक आयोजनों में अपनी सहभागिता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि, हमें अपने धर्म संस्कृति सनातन को बचाने के लिए तत्पर रहना चाहिए। हमें गौ माता की सेवा करनी चाहिए, गौ माता हमारे लिए बहुत ही उपयोगी हैं। इस अवसर पर सभापति हीरालाल पटेल, विजय दीवान,पार्षद पवन पटेल, नितेश पटेल, बबलू पटेल, संजय धुरी, भागेला धुरी, जगदीश साहू ,मालिक राम ध्रुव जनपद सदस्य, नागेश्वर बंटी जायसवाल मंडल अध्यक्ष, नोहर सिंह ठाकुर, किशन पांडे, राजाराम पटेल, रामकुमार साहू महामंत्री, अभय सिंह ठाकुर, नंदकिशोर यादव, विनोद पटेल, प्रमोद पटेल, डेरहा राम पटेल, दुकालू पटेल, मूलाराम, तुलाराम, किशन पटेल, गयाराम पटेल, जयराम पटेल ,तुकाराम ,मेघनाथ ,रिखीराम, मोतीराम, अशोक पटेल, जागेश्व,र राखी राम ,राजा पटेल, दिनेश पटेल, किशन पटेल , मुकेश पटेल नरेंद्र पटेल, परमेश्वर पटेल, सुधा पटेल एवं नगरवासी माताएं-बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के संरक्षक विनोद पटेल एवं आभार परमेश्वर पटेल शिक्षक ने किया।

## पटेल समाज ने बाजे-गाजे के साथ निकाली शोभायात्रा



**तखतपुर।** पटेल समाज की ओर से शांकभरी जयंती का आयोजन किया गया, जहां कार्यक्रम स्थल से समाज के लोगों ने बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा नगर के नया बस स्टैंड, बजरंग नगर, पुराना बस स्टैण्ड, संगम नगर, महामाया चौक, महाराणा प्रताप चौक से वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची।

इस दौरान समाज के अध्यक्ष संदीप पटेल ने विचार रखते हुए कहा कि, आज समाज हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और इस सब का मुख्य आधार शिक्षा ही है। पूर्व में हमारा समाज केवल व्यापार पर ध्यान दिया करता था, परंतु अब विभिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यता का उपयोग कर रहे हैं, और हर क्षेत्र में अपनी मजबूती से उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। शोभायात्रा का गांधी चौक में देवांगन समाज व पुराना बस स्टैंड में कांग्रेसियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर अरविंद पटेल, मंगलू पटेल, अजय पटेल, दुर्गा पटेल, सुरेश पटेल, संतोष पटेल, सोनू पटेल, कान्हा पटेल, अजय पटेल, मंजू पटेल, विजय पटेल, करू पटेल, अन्नू पटेल, रमेश पटेल, जनक पटेल, चरण, चीनी, राजू, रवि पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जीपीएम जिले में पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित

**पेंड्रा।** अत्यधिक ठंड पड़ने एवं शीत लहर के कारण कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने जिले के समस्त विद्यालयों के कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 10 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया कि विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी निर्धारित समयानुसार विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। यह आदेश जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं समस्त बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों में लागू होगा।

## शराब पीकर स्कूल पहुंचा सहायक शिक्षक, निलंबित



**लोरमी।** ग्राम लाखासर के प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक एलबी को शराब का सेवन कर शाला में उपस्थित होने पर निलंबित किया गया। जानकारी के अनुसार शाप्रा शाला लाखासार का सहायक शिक्षक लक्ष्मण कोलाम 5 जनवरी को शराब पीकर स्कूल पहुंचा था, जिसका वीडियो सोशल मिडिया पर जमकर वायरल हो रहा था। विखं शिक्षा अधिकारी ने मामले की सूचना जिला शिक्षा अधिकारी को देते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की थी। मामले पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने सहायक शिक्षक लक्ष्मण कोलाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में सहायक शिक्षक का मुख्यालय कार्यालय विखं शिक्षा अधिकारी लोरमी निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## पुरा में श्रीमद् देवी भागवत आज से



**तखतपुर।** श्रीमद देवी भागवत पुराण का आयोजन पुरा में 8 से 13 जनवरी तक किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचक पं दुर्गा प्रसाद तिवारी व मुख्य यजमान किरण विनोद कौशिक हैं।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज व पुरस्कार वितरण

**तखतपुर।** संगम क्रिकेट क्लब चितावर द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच 8 जनवरी को दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा, साथ ही पुरस्कार का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह होंगे। यह जानकारी देवा सिंगरौल ने दी।

## अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे धर्मजीत

तखतपुर। अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह 8 जनवरी को दोपहर 1 बजे तहसील प्रांगण तखतपुर में किया जा रहा है। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह मौदूद रहेंगे एवं अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष रविंद्र पूजा मक्कड़ करेंगी। साथ ही जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। यह जानकारी अध्यक्ष सत्येंद्र जायसवाल ने दी।

## 25 दुकानों पर कोटपा एक्ट की कार्रवाई



**मुंगेली।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए कोटपा एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा के मार्गदर्शन में प्रवर्तन दल द्वारा लोरमी में कोटपा एक्ट के धारा 4 एवं 6 के तहत 25 दुकानों पर कार्रवाई की गई, जिसमें 10 दुकानों में चेतावनी देकर छोडा गया तथा शेष 15 दुकानों में 2 हजार 200 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई के दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जुआ माफिया की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**मुंगेली।** संगठित जुआ माफिया योगेंद्र शर्मा उर्फ लाल महाराज की अग्रिम जमानत याचिका खारिज होते ही उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दबिश तेज कर दी है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने जिला मुंगेली के थाना फास्टरपुर में दर्ज जुआ निषेध अधिनियम 2022 के मुख्य आरोपी योगेंद्र शर्मा उर्फ लाल महाराज उर्फ भर्रा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। अग्रिम जमानत याचिका खारिज होते ही पुलिस ने एक बार फिर से आरोपी की तलाश तेज कर दी है। ज्ञात हो कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 1 हजार रुपए का नकद ईनाम भी रखा है।

## 237 पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण पूर्ण, 130 में बाकी

**मुंगेली।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 367 ग्राम पंचायतों में से 237 पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। शेष 130 ग्राम पंचायतों में यह प्रक्रिया मार्च 2026 तक निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जाएगी।

सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से ग्रामीण स्वयं अपने क्षेत्र में मनरेगा के तहत हो रहे विकास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं, इससे न केवल योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि जवाबदेही तय होने के साथ-साथ जनविश्वास में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ग्रामीणों की प्रत्यक्ष सहभागिता से योजनाओं की वास्तविक स्थिति सामने आ रही है और सुधार के अवसर भी मिल रहे हैं। सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात ग्राम सभा के माध्यम से कार्यों का वाचन एवं चर्चा की जाती है। इस दौरान ग्रामीणों के समक्ष योजनाओं का विवरण प्रस्तुत कर निर्णय लिया जाता है, जिससे उन्हें विकास कार्यों की प्रत्यक्ष समीक्षा करने और अपने सुझाव रखने का अवसर



सामाजिक अंकेक्षण में बैठे ग्रामीण।

प्राप्त होता है। इस संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि, सामाजिक अंकेक्षण सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित होता है कि योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंचे। जिले की शेष पंचायतों में भी सामाजिक अंकेक्षण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। मनरेगा के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण की यह व्यवस्था जिले में पारदर्शी प्रशासन और जवाबदेह शासन की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है।

---

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूँ कि मेरे पक्षकार के द्वारा रूपेश कुमार मलानी पिता हरीश कुमार निवासी मेन रोड कोरबा तह व जिला कोरबा (छ.ग.) के स्वामित्व की भूमि जो मौजा दर्राभाठा तह सीपत जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं. 28/3, 28/4, 28/1 रकबा क्रमशः 0.0070, 0.0770, 0.3200 हेक्टर भूमि क्रय करने का सौदा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा की जा चुकी है तथा भविष्य में पंजीयन किया जाना है । उक्त भूमि के संबंध में किसी भी बैंक, संस्था व्यक्ति आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मय दस्तावेज नोटिस प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे आपत्ति प्रस्तुत करे उक्त तिथि पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने
**सूर्यकांत शर्मा (अधिवक्ता)**
**श्री विहार सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9981491801, 7999284808**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ./अ-6-अ/2024-25
ग्राम उसलापुर तहसील - सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक हलधर प्रसाद चन्द्राकर पिता बिसाहूराम चंद्राकर के द्वारा ग्राम उस्लापुर, पहनं. 60, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 310/31, 311/28, 316/43 रकबा क्रमशः 0.0100 हेक्टेयर, 1080 वर्गफुट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 17.02.2011 को विक्रेता सोननमत बाई बेवा पुन्नीदास से क्रय कर विधिवत नामांतरण पश्चात आवेदक के नाम पर रिकार्ड दुरूस्त किया जा चुका है, परंतु वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में आवेदक का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जो कि त्रुटिपूर्ण है, जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20/01/ 26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 05/1/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
ग्राम सिंघरी तह सकरी जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम सिंघरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेशमलाल पिता स्व. श्री दुजेलाल निवासी सिंघरी, उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सिंघरी, प.हन. 39 रा.नि.मं. अमसेना स्थित भूमि ख.न. 88, 44/1 रकबा क्रमशः 0.1.94, 0.1 एकड भूमि आवेदक की पैतृक संपत्ति है। वर्तमान राजस्व रिकार्ड में अनावेदिका के नाम पर दर्ज हो गया है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 13.01.26 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार,सकर्रा

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 19/12/2025

मौजा कोरमी के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा कोरमी प.ह.न.42 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित/कृषि भूमि ख.न. 191, शा 192, 247 रकबा 0.0320, 0.6880 वर्गफीट/एकड़ हेतु आवेदक/ आवेदिका सौखीराम पिता/पति मंकूद साय निवासी चात्तरखार तहसील मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत ताबादलानामा / फौती नामांतरण/बैनामा रजिस्ट्री नामांतरण / वसीयत नामांतरण / दानपत्र नामांतरण/पंजीकृत हकत्याग नामांतरण, तबादला नामा, हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 8/01/26 को सुबह 11 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 19/12/25 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क. -/अ-6-अ/2025-26
ग्राम- अमेरी तहसील -सकरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती चंदा जायसवाल, पति श्री राजेश जायसवाल, निवासी राजकिशोर नगर बिलासपुर के द्वारा ग्राम अमेरी, पहन, 43, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 498/6 में से रकबा 4079 वर्गफुट भूमि विक्रेता विजय कुमार अग्रवाल पिता पुरुषोत्तम अग्रवाल तथा खसरा नंबर 498/7 में से रकबा 1113.50 वर्गफीट भूमि श्री अशोक अग्रवाल पिता श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल से क्रय किया गया है। जिसका विधिवत नामांतरण, नामांतरण क्रमांक 173 दिनाक 24.07.2003 के द्वारा खसरा नंबर 498/23 तथा नामातरण क्रमांक 175 दिनांक 24.07.2003 के अनुसार खसरा नंबर 498/24 आवेदिका को प्राप्त हुआ. परंतु वर्तमान ऑनलाईन में वाद भूमि में आवेदिका का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है, जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 12.01.26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 07.01.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**

---

**न्यायालय श्रीमान नवम व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

श्रीमती रेखा सिंह ठाकुर .............वादिनी
बनाम
आम जनता वगैरह .............प्रतिवादीगण

**नोटिस/समंस**

प्रो. क्रं.:- 08
व्या.वाद क्रं. 314(अ)/2025
आदेश दिनांक : 21/11/2025
पेशी तारीख 19/01/2026

प्रति, आम जनता (जिससे संबंधित हो)

प्रकरण के संबंध में मान्यनीय न्यायालय में वादिनी ने व्यवहार वाद वास्ते अपने पति अजय सिंह ठाकुर पिता स्व. सुखेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी कुदुदण्ड बिलासपुर की सिविल मृत्यु की घोषणा हेतु व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है।

वादिनी श्रीमती रेखा सिंह ठाकुर ने प्रतिवादी क्र. 01 आम जनता को इस समाचार पत्र में प्रकाशन के द्वारा उक्त व्यवहार वाद का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है उक्त व्यवहार वाद श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर के न्यायालय में पेशी दिनांक 19/01/2026 को नियत है यदि किसी व्यक्ति को उक्त न्यायलीन कार्यवाही में भाग लेना है या आपत्ति करनी है तो उक्त दिनांक को न्यायालीन कार्य अवधि में आप स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में उपस्थित होकर दावा आपत्ति एवं जवाब प्रस्तुत कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेंवे।

यदि किसी कारण वश नियत पेशी दिनांक 19/01/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई न्यायालय के आगामी कार्य दिवस में किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 03.01.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 03.01.26 स्थान :- बिलासपुर छ.ग.

कुमारी कोनिका यादव
श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्र./क/तह./रा.नि./सीमां./2025
सरकण्डा, दिनांक 02/01/2025

प्रति
(1) उमेन्द्र कुमार बंजारे/ स्व. अधारी (2) जीवंती खलखो पति स्तेफन खलखो (3) संतोष कुमार पिता सालोमन लाल (5) सविता मढारिया पति एस.सी. मढारिया (6) सावित्री पाण्डेय पति राम छबीले पाण्डेय

विषय- सीमांकन/ बटांकन/ स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित होने बावत।

संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन कमांक/.../तह./रीडर/2025 बिलासपुर, दिनांक 26/12/2025

संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन कमांक/.../तह./रीडर/2025 बिलासपुर, दिनांक 26/12/2025

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/आवेदिका उमेन्द्र कुमार/ स्व. अधारी निवासी गोकुल धाम अमरी द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 1569/2 रकबा 0.0220 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल निरीक्षण हेतु न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल निरीक्षण न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 09/01/2026 को समय 01:00 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप- विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**सरकण्डा तहसील बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्रं. 2026012505000
अ-2/25-26
ग्राम चोरभट्ठी प.ह.नं. 17

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. हुलसी वैष्णव पति राघवेन्द्र वैष्णव निवासी चोरभट्ठी तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा ग्राम चोरभट्ठी प.ह.न. 17 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 250/24 रकबा 0.0320 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 23/01/ 2026 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

---

समक्षः- श्रीमान नोटरी महोदय पेण्ड्रारोड जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही छ.ग.
**शपथ-पत्र**

मै सौम्या साहू पिता स्व. श्री संतोष कुमार साहू (पति- श्री जयंत साहू) जाति साहू साकिन ठाडपाथर, ग्राम पंचायत खदगांव तहसील राजेन्द्रग्राम जिला अनूपपुर म.प्र. की स्थाई निवासी हूँ जो निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ:- 1. यह कि, मै उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। 2. यह कि, मेरा वास्तविक नाम सौम्या साहू है जो कि मेरे आधार नं.- 3148 9519 9230, बैंक खाता नं.- 37161642690 एवं मेरी अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र मे दर्ज है। 3. यह कि, भारतीय जीवन बीमा निगम मे मेरे नाम पर संचालित बीमा पालिसी क्रमांक 383902199 मे मेरा नाम पलक साहू दर्ज है जो कि मेरा घरेलु नाम है। 4. यह कि, सौम्या साहू एवं पलक साहू दोनो नाम एक ही महिला का नाम है अर्थात मेरा नाम है जिसके समर्थन मे यह शपथपत्र निष्पादित कर रही हूँ।

सौम्या साहू शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं सौम्या साहू उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 04 तक में दी गई सभी जानकारी सत्य एवं सही हैं जिसे आज दिनांक 21/11/2025 को स्थान पेण्ड्रा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

सौम्या साहू शपथकर्ता

---

**कार्यालय रा.नि.म. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग)**
**सूचना पत्र**

सीमांकन/मौका जांच समय उपस्थित होने हेतु प्रति, 1 चर्तुगुण सिंह पिता पंचकोण बोदरी 2 अध्यक्ष, संयून्द खदान मजदूर संघ (एटक) मारवाडी कम्यूनिस्ट पार्टी

विषयः सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।

संदर्भ भवदीय न्याया तह के ज्ञा.क्र. 13/वा तह बोदरी /25 बोदरी दिनांक 28/10/25

उक्त विष्यान्तर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका चतुगुण सिंह पिता/पति निवासी बोदरी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी म.न. 1 प.ह.न. 01 रा.नि.म. व तहसील बोदरी स्थित भुमि ख.नं. 764/1 रकबा 0.081 भुमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 13.01.25 को 12 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें। टीपः- उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

रा.नि. बोदरी तहसील बोदरी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

मा.क. अ-63अ/2025-26
ग्राम सकरी, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सकरी प.ह.न. 45 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती वंदना जज्ञासी पति श्री प्रकाश जज्ञासी निवासी भक्त कंवर राम नगर वार्ड तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम सकरी म.न. 01 प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 318/1/ख/1 स्थित है व मौके पर काबिज कास्त है। खसरा नं. 318/13/ख/7 रकबा 0.0040हे. व 318/42 रकबा 0.0092हे. कंडिका 1 से 4 में दर्शित सभी खसरा नंबर को विलोपित करते हुए मूल भूमि स्वामी के खसरा नंबर 318/13/ख/1 में दर्ज किये जाने एवं मूल खसरे में दर्ज भूमि स्वामी पूर्णिमा घृतलहरे पति सतीश घृतलहरे को खसरा नंबर 318/13/ख/1 में से बढते हुए क्रम में अगला बटांकन खसर नंबर प्रदान करते हुए रकबा 0.0093हे. दर्ज किया जाकर राजस्व अभिलेखों एवं आनलाईन भूइया पोर्टल में हुए त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा) तखतपुर के समक्ष आवेदन पेश किया गया है, जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 09.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 26.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार, सकरी**

---

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रतनपुर दिनांक 24/12/2025 24/12/20
रा.प्र.क्र....(ब-121/2025-26)
मौजा ग्राम-रानीगांव

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. रज्जाक कुरैशी पिता स्व. एन. मोहम्मद जाति निवासी ग्राम रानीगांव तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 05-07-1955 को ग्राम रानीगांव में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश ग्राम पचायत रानीगाव में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम सधारा 13(3) एवं छत्तीसगढ जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9 (3) अन्तर्गत जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सचिव ग्राम पंचायत रानीगांव को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तदसंबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा / आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 13/01/2026 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### आदिवासी समाज ने सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन



**लोरमी।** सर्व आदिवासी समाज ने सोशल मीडिया फेसबुक पर आरक्षण के संबंध में आपत्तिजनक भड़काऊ टिप्पणी करने वाले युवक मनीष कुमार जैन के विरूध्द कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए राज्यपाल के नाम एसडीएम अजीत पुजारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अकत सिंह,प्रभात सिह, गिरीश ध्रुव, धर्मेन्द्र मरकाम,ओमप्रकाश ध्रुव, द्वारिका पोर्ते, गणेश ध्रुव सहित अन्य शामिल रहे।

### खैरवार में मनाया गया चावल उत्सव



**लोरमी।** ग्राम खैरवार की शासकीय उचित मूल्य दुकान पर रजत जयंती चावल उत्सव मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम सागर ध्रुव सरपंच मौजूद रहे। साथ ही रामाधार साहू उपसरपंच, अमरिका रामनाथ साहू पूर्व सरपंच, नरेंद्र टांडे रोजगार सहायक, पंच प्रदीप साहू, विरेन साहू, लेखराम ध्रुव एवं ग्रामीण राशन कार्ड हितग्राही श्याम कुमार साहू, प्रदीप साहू, राजू यादव, सुमन साहू, अशोक ध्रुव, सत्तू यादव, शांति साहू, बल्लू साहू आदि की की उपस्थिति चावल उत्सव मनाया गया।

### पीड़ित चंद्रकांत को राजपूत युवा मोर्चा ने दी आर्थिक मदद



**लोरमी।** चंद्रपुर निवासी चंद्रकांत राजपूत बीमारी से पीड़ित हैं, जिनके इलाज के लिए पैसों की सख्त आवश्यकता थी। ऐसे में राजपूत युवा मोर्चा ने बहुत ही कम समय में 63 हजार 649 एकत्रित कर पीड़ित परिवार प्रदान किया। अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत ने सहयोग के लिए सामाजिक दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। राशि सौंपते समय अर्थ संकलन प्रभारी महावीर सिंह, रामकुमार सिंह, सतीश सिंह, हृदय सिंह, सुदर्शन सिंह, जितेंद्र सिंह, धर्मजीत सिंह, महावीर सिंह, निलेश सिंह, छत्रपाल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, नीरज सिंह, हरीश सिंह, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

### सड़क मरम्मत में अनियमितता को लेकर जनदर्शन में शिकायत

**तखतपुर।** प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी सड़क की मरम्मत होते ही उखड़ने की शिकायत



उपसरपंच विनय यादव सहित अन्य ने जनदर्शन में की है। बिरगांव से मोतिमपुर तक प्रधानमंत्री योजना के तहत सड़क निर्माण किया गया, जिसकी कराई जा रही है, लेकिन मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। इधर सड़क की रिपेरिंग हो रही है, और उधर सड़क उखड़ने लगी है। ठेकेदार द्वारा ऐसा कार्य कराया जा रहा है कि, रिपेरिंग हई सड़क से दो दिन में ही डामर उखड़ रही है। इस गुणवत्ताहीन मरम्मत कार्य की शिकायत उपसरपंच विनय यादव और सोनम ने कलेक्टर से जनदर्शन में की है। साथ ही सड़क की मरम्मत में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क को फिर से दुरूस्थ कराने की मांग की गई है।

### कन्या शाला में निकाली गई सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली



**बिल्हा।** 37वें सड़क सुरक्षा माह-2026 के तत्वाधान में एनएचआईटी टीम की ओर से शासकीय उमा कन्या विद्यालय बिल्हा में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है, और करोड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती हैं। इसलिए, सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह ही आवश्यक है। जागरूकता रैली में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य चंद्रभान सिंह शिक्षक-शिक्षिकाएं, एस प्रसाद, कमल गर्ग, हरीश एवं टोल प्लाजा कर्मचारी, सेफ्टी मैनेजर निखिल पांडा, मैंटनेस मैनेजर संतोष कुमार, एचआर आलोक कुमार, प्लाजा मैनेजर पल्लव झा, आई ऍम मैनेजर विनय पांडे, प्लाजा मैनेजर जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### जनपद सीईओ के खिलाफ खोला मोर्चा, मनमानी का आरोप

# जपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों ने किया सामान्य सभा का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जनपद पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर भाजपा समर्थित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यों ने सामान्य सभा की बैठक का बहिष्कार कर अपने ही सरकार के कामकाज पर सवालिया निशान लगा दिया है। जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार आयोजित की गई थी, लेकिन समय होने के बाद भी जनपद सदस्य और अन्य प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए, तब बैठक को स्थगित कर दिया गया।

जब बैठक में सदस्यों की उनुपस्थित के संबंध में जानकारी ली गई, तो जनपद पंचायत अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि, तखतपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सत्यव्रत तिवारी की कार्यप्रणाली संदिग्ध है। जनपद पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों से उन्हें कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि, प्रतिनिध व ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर जनपद पंचायत पहुंचते हैं, परंतु अधिकारी कार्यालय में मिलते नहीं मिलते। और यदि मिल भी गए तो उन्हें चलता कर दिया जाता है। जनपद पंचायत को मिलने वाली विभिन्न मदों की जानकारी मांगने पर कोई संतोष जनक वे जवाब नहीं देते हैं, साथ ही जनपद के किसी भी वित्तीय कार्य में कोई पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने बताया कि, जनपद पंचायत तखतपुर वित्तीय अनियमितता का गढ़ बन गया है। साथ ही उन्होंने सीईओ पर जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा एवं जनपद पंचायत में पारित प्रस्तावों पर कोई कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगयाा। जपं अध्यक्ष ने कहा कि, राशनकार्ड, आवास जैसे जनहितैषी योजनाओं में लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिस पर कोई लगाम नहीं है। इस पर जनपद सदस्यों ने जल्द ही क्षेत्रीय विधायक से मुलाकात कर सीईओ को हटाने की मांग करने का निर्णय लिया है।



**पंचायत मंत्री से भी हो चुकी है शिकायत**

जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने बताया कि, इन सभी विषयों को लेकर वे पंचायत मंत्री जी से भी शिकायत कर चुकी हैं, लेकिन सीईओ की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं आ रहा है। इसी कारण जनपद सदस्यों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि, अधिकारियों को अपने मन का ही करना है तो बैठक में हमारे शामिल होने क्या मतलब है।

**सदस्यों के अधिकारों का खुला हनन**

जनपद पंचायत तखतपुर में हो रहा है। जनपद सदस्यों के बिना किसी जानकारी या प्रस्ताव के कार्य स्वीकृत कर दिए जाते हैं। जनपद सदस्य जो क्षेत्र के जनहित से संबंधित समस्याओं लेकर आते हैं, उसका निराकरण नहीं किया जाता है, जिससे सदस्यों में काफी नाराजगी है।

-**राकेश तिवारी**, जपं उपाध्यक्ष तखतपुर

**की जाएगी कार्रवाई**

अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर जनपद सदस्यों में गहरी नाराजगी है। पूरे मामले को जनपद सदस्यों के साथ मिलकर विधायक को अवगत कराया जाएगा। आगे जो भी चर्चा होगी उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

-**प्रमोद ठाकुर**, विधायक प्रतिनिधि

**नहीं पहुंचे सदस्य**

पंचायत तखतपुर में जो भी कार्य किए जा रहे हैं, शासन के निर्देशों के अनुसार नियमों के तहत किया जा रहे हैं। जनपद सदस्य बैठक में नहीं पहुंचे, इसलिए बैठक स्थगित हुई है। सदस्यों को किस बात को लेकर नाराजगी है, इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

-**सत्यव्रत तिवारी**, सीईओ जपं तखतपुर

## झझपुरी शाला में विदाई समारोह व वार्षिकोत्सव



**जरहागांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झझपुरी खुर्द में 31 दिसंबर शिक्षक रामावतार बर्मन की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से विदाई समारोह व शाला वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय मौजूद थे। साथ ही विशिष्ट अतिथि जपं सदस्य पवन पाण्डेय, सुशीला दुकलहा कर्माकर, उप सरपंच साक्षी शुभम क्षत्रिय उपस्थित रहे। अतिथियों के परिचय एवं स्वागत पश्चात सेवानिवृत्त शिक्षक रामावतार बर्मन का अतिथियों एवं विद्यालय परिवार की ओर से पुष्पाहार से स्वागत किया गया, तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं की ओर से शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि डीईओ डीसी डाहिरे, डीएमसी एके कश्यप, बीईओ जेके बावरे, सूर्यकांत उपाध्याय बीआरसी सहित अन्य शिक्षा अधिकारियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और सेवानिवृत्ति पर वर्मन के सुखमय जीवन एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनके योगदान के लिए विभाग की ओर से धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## क्षेत्र को करोड़ों के निर्माण कार्य की मिली स्वीकृति

**गौरेला।** मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची की मांग पर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में सड़कों सहित अन्य का नवीन निर्माण जल्द ही प्रारंभ होंगे। विधायक मरपच्ची की मांग पर लोक निर्माण विभाग ने सड़को एवं पुल के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है, जिसका आदेश जारी किया गया है। इस हेतु विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया है। श्री मरपच्ची ने बताया कि, उनकी मांग पर छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग की ओर से मरवाही विधानसभा में पंडरी-धरहर-ऐंठी-सिलवरी मार्ग लंबाई 6 किमी के निर्माण हेतु 574.73 लाख रुपए, हर्राडीह से आमारू पहुंच मार्ग लंबाई 2.05 किमी निर्माण के लिए कुल 222.85 लाख रुपए एवं गौरेला से वेंकटनगर मार्ग पर सोनाड़ी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण हेतु 272.29 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा कि, देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, इस कारण मरवाही विधानसभा में भी लगातार करोड़ों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इन निर्माण से मरवाही के विकास को गति मिलेगी और यहां की जनता की बहु प्रतीक्षित मांग पूर्ण होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है।



- निर्माण कार्यों से मरवाही के विकास को गति मिलेगी : मरपच्ची

## कागज, डिस्पोजल खाने को मजबूर गौ माता

**जरहागांव।** एक दौर था जब लोग गौ माता की पूजा कर, उसके साथ लोग खाना खाते थे, लेकिन पर अब गौ माता का दूध निकाल कर आवारा छोड़ दिया जाता है। नतीजन सड़क पर घूमने के अलावा शादी-पार्टी, सार्वजनिक भोज में उपयोग लाने वाले दोना पत्तल को मवेशा साफ करते हैं।

पूर्व के समय में केवल शहरों में मवेशियों को कागज खाते देखा जाता था, लेकिन अब गांव के मवेशी भी कागज, झिल्ली, डिस्पोजल आदि खाते नजर आ रहे हैं। इस गंभीर समस्या पर किसी की ध्यान नहीं जा रहा है। पैरा मवेशियों का परंपरा गत चारा होता है एवं पहले उनके साथ चारागाह हुआ करते थे। आज के समय में पालक मवेशियों को आवारा छोड़ देते हैं, नतीजन मवेशी सड़कों पर घूमते एवं जूठी पत्तलें खाते नजर आते है। यही कारण है कि, वे अनेक बीमारियों के आगोश में आ जाते हैं।



**कौन है जिम्मेदार, कैसे बचेंगे मवेशीः** इस गंभीर समस्या को लेकर किसी पर दोष नहीं लगाया जा सकता, क्योंकि समस्त पशु पलकों की जिम्मेदारी होती है कि, वे अपने मवेशियों की सुरक्षा का ध्यान रखें। लेकिन इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। गांव में चारागाह पर कब्जा करना तथा किसानों का पैरा खेत में फेकना साबित करता है कि, गौमाता के भरण-पोषण की चिंता उनके मालिकों को नहीं है।

**शासन-प्रशासन स्तर पर पहल आवश्यकः** एक तरफ गौ सेवकों के द्वारा अनेक अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन तकनीकी समस्या की ओर ध्यान नहीं देने के कारण भूखे प्यासे मवेशी कागज व प्लास्टिक चबाते देखे जे रहे हैं। कुछ समाज सेवकों द्वारा पैरा दान जैसे जागृति अभियान चला जा रहे हैं, ताकि इससे जुड़कर पैरे का उपयोग मेवेशियों के चारे के रूप में किया जा सके। इस पर यदि शासन-प्रशासन कुछ ठोस कदम उठाए एवं मवेशियों को आवारा छोड़ने के बजाए उनके रहने की उचित व्यवस्था करे तो उन्हें सुरक्षित किया जा सकता है।

## कर्रा में मिशन जल रक्षा महाअभियान आज

**सीपत।** तेजी से गिरते भूजल स्तर को थामने और जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से मिशन जल रक्षा के तहत एनटीपीसी सीपत के प्रभावित ग्राम कर्रा में 8 जनवरी गुरुवार सुबह 11:00 बजे एक विशाल जनजागरूकता महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। । कार्यक्रम में बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल तथा एनटीपीसी सीपत के परियोजना प्रमुख स्वपन कुमार मंडल की विशेष उपस्थिति रहेगी।

### खिलाड़ी जीतता है, या तो सीखता हैः उपेंद्र बहादुर

# बच्चों के लिए खेल के साथ पढ़ाई भी जरूरीः डीईओ

**पेंड्रा।** निजी स्कूलों की अंतरशालेय खेलकूद प्रतियोगिता सत्र का आयोजन भारत माता पब्लिक स्कूल अडभार पेंड्रा के तत्वावधान में किया गया। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता पेंड्रा स्थित फिजिकल कॉलेज मैदान में आयोजित की गई, जिसमें करीब 11 विद्यालयों के लगभग 700 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खो-खो, रिले रेस, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। भारत माता पब्लिक स्कूल अडभार को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली विद्यालय घोषित कर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में अमिता शिक्षा निकेतन स्कूल पेंड्रारोड, रॉयस स्टेपिंग स्टोन इंग्लिश स्कूल कोटमीकला, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पेंड्रारोड, क्यूरो स्कूल पेंड्रा, ऑरिएंटल स्कूल पेंड्रा, चातन केरला स्कूल पेंड्रा, गुरु मंत्रा स्कूल पेंड्रा, भारत माता पब्लिक स्कूल पेंड्रा तथा सन शाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल मरवाही सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, खेल से निश्चित रूप से स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है, लेकिन खेल के साथ-साथ पढ़ाई भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि, जैसे स्कूलों में खेल प्रतिभाओं को पहचाना जाता है, वैसे ही पढ़ाई में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को भी पहचानकर उन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि, खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाला हर खिलाड़ी या तो जीतता है या सीखता है। कोई भी प्रतियोगिता बिना सीख के नहीं जाती। समापन अवसर पर भारत माता पब्लिक स्कूल की संचालक सुष्मिता आशीष केसरी, रॉयल इंडियन एकेडमी की संचालक शिखा सिंह, अतुल आर्थर, विकास त्यागी, अवनीश पाण्डेय, पार्थ चट्टोपाध्याय, कृष्णा गौतम, उत्तम राय, मंजू केशवानी सहित विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारत माता पब्लिक स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक मंगल प्रसाद शर्मा एवं प्राचार्य शिव राठौर ने किया।

- निजी स्कूल अंतरशालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



### ग्रामीणों ने की राजिम माता की पूजा-अर्चना





**लोरमी।** ग्राम रहंगी में राजिम माता की पूजा-अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं श्रद्धा के साथ राजिम माता की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में श्याम मुकंद साहू ने राजिम माता की जयघोष करते हुए राजिम माता की कथा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष रामावतार साहू, भोलाराम साहू, श्याम मुकुंद साहू, फागू राम साहू, आसाराम साहू, सिद्ध राम साहू, संतोष साहू ,हुबलाल साहू ,रामकृष्ण साहू, शिव कुमार साहू, यश कुमार साहू, जितेंद्र साहू नारायण तिवारी, लोमेश साहू, श्यामलाल साहू सुदर्शन साहू, भूपेंद्र साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

### बड़े कोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा



**बिलासपुर।** बड़े कोनी में 2 से 10 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन कर्ता लक्ष्मणेश्वर गढ़ेवाल एवं समस्त बड़े कोनी निवासी हैं। उन्होंने बताया कि कथा व्यास से पं. सूर्यकांत तिवारी रसमय, करुणामय, हृदय को छूने वाले भगवान कृष्ण की जीवंत झांकी के साथ कथा सुना रहे हैं। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### सत्य पर शंका नहीं श्रद्धा होनी चाहिएः आचार्य भूषण



**बेलतरा।** जायसवाल परिवार के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का चौथे दिन व्यास पीठ से आचार्य भूषण कृष्ण महाराज ने प्रहलाद चरित्र, वामन चरित्र, श्रीराम जन्म व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा का विस्तार वर्णन किया। भक्त प्रहलाद की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि, भगवान विष्णु के प्रति प्रहलाद की अटूट भक्ति थी और उनके अहंकारी पिता हिरण्यकश्यप ने उनको कई बार मारने की कोशिश की, जिसमें होलिका दहन की घटना भी शामिल थी। भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लेकर प्रहलाद की रक्षा की और हिरण्यकश्यप का वध किया। यह कथा सच्ची भक्ति और ईश्वर की सर्वव्यापकता का प्रतीक है। आचार्य ने कहा कि, कहते हैं सत्य में शंका नहीं श्रद्धा होने की जरूरत होती है। कथा के मुख्य यजमान के रूप में गीता-अश्वनी जायसवाल हैं।

### चकरभाठा में श्रीमद्भागवत कथा आयोजन



**चकरभाठा।** चकरभाठा बस्ती में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। कथा का वाचन आचार्य पंडित मोहित कृष्ण शर्मा के मुखारविंद से किया जा रहा है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को वामन अवतार एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्म की लीला का रसपान कराया गया। आचार्य ने वामन अवतार की महिमा बताते हुए धर्म, भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। वहीं श्रीकृष्ण जन्म की लीला के वर्णन से पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे। कथा का आयोजन स्व पं गोरेलाल पाण्डेय की स्मृति में किया जा रहा है, जिसके मुख्य यजमान के रूप में पंडित कन्हैया पांडेय एवं रेखा पांडेय हैं। कथा के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

### राम नाम रूपी गंगा में डुबकी लगा रहे हैं भक्त



**लालपुर।** ग्राम तेलियापुरान में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 5 जनवरी से 14 जनवरी तक किया जा रहा है, जिसमें दूर-दूर से गायन मंडलियां पहुंचकर प्रस्तुति दे रही हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोहर कश्यप, उपाध्यक्ष मिट्ठू लाल साहू, कोषाध्यक्ष हरिराम साहू, सचिव भूषण कुमार कश्यप, प्रकाश कश्यप, यजमान रुक्मणि दौलत कश्यप, सरपंच छोटी नवरंग, मंच संचालक भागीरथी कश्यप, जागेश्वर, संरक्षक शत्रुघ्न प्रसाद कश्यप, मनोज कश्यप, फेंकूराम साहू, जितेंद्र साहू आदि के मार्गदर्शन में श्रद्धालु राम नाम रूपी गंगा में डुबकी लगा रहे हैं।

## वीएसके के विरोध में सहायक शिक्षक फेडरेशन ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु उनके स्वयं के मोबाइल फोन पर वीएसके एप डाउनलोड कराकर स्वयं की उपस्थिति दर्ज करने के विरोध में सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई के प्रांतीय महामंत्री अभिजीत तिवारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र राठौर के नेतृत्व में विखं शिक्षा अधिकारी लोरमी को मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान सर्विस बुक संधारण, जीपीएस पासबुक संधारण, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य के दिवसों को अर्जित अवकाश के रूप में संबंधित शिक्षकों के सर्विस बुक में संधारण करने, शिक्षकों का वांछित अर्जित अवकाश, चिकित्सा अवकाश एवं अन्य अवकाशों के संबंध में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन गतिविधियों पर पारदर्शिता के साथ विखं शिक्षा कार्यालय की गतिविधियों को संचालित कराने सहित अन्य मुद्दों पर बीईओ मनीषा पाटले से सकारात्मक चर्चा भी हुई। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री अभिजीत तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र राठौर, जितेंद्र कुमार वैष्णव, आशीष जायसवाल, रामायण राजपूत, सुलभ त्रिपाठी, सतीश राजपूत, नरेश दुबे, प्रेम जायसवाल, मनोज खुशराम, भुवनेश्वर यादव, ओम प्रकाश साहू, विनोद कुर्रे, संस्कार साहू, ओम प्रकाश ध्रुव, ईश्वर साहू, संवेद्र खांडेकर, आशुतोष मिश्रा, परस राठौर, चैन सिंह, राहुल श्रीवास्तव, द्वारिका कशपय, अरविंद पाण्डेय, कृष्ण कुमार सोनी, नाजिर खान, टीकाराम साहू सहित अन्य सहायक शिक्षक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दो युवतियों के साथ युवक ने की मारपीट

**बिलासपुर।** होटल में नाश्ता करने गई दो युवतियों के साथ युवक ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।




सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड में किराए के मकान में रहने वाली एक युवती अपनी सहेली के साथ 6 जनवरी कोनेहरू चौक स्थित रतन लस्सी होटल में नाश्ता करने गई थी। संजय तरण पुष्कर के पास अन्ना डोस दुकान चलाने वाला युवक आया और उनके पास जाकर बैठ गया। युवतियों ने दूर बैठने को कहा तो युवक उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। होटल में उपस्थित लोगों के द्वारा बीच बचाव करने पर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर अन्ना डोसा वाले के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** बीड़ी पीने के विवाद में एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड गायत्री मंदिर निवासी शेख जुनैफ पिता शेख रज्जाक 6 जनवरी की सुबह किराना दुकान से सामान लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान नानू मराठा आया और एक सप्ताह पहले बीड़ी पीने को लेकर हुए विवाद की बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसने शेख जुनैफ पर चाकू से गर्दन पर हमला किया। परिजन शेख जुनैफ को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। पुलिस ने शेख जुनैफ की रिपोर्ट पर हमलावर नानू मराठा के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 1, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### क्रिकेट सट्टा, पकड़े गए 2 खाईवाल, गए जेल

**बिलासपुर।** शहर में दर्जन भर खाईवाल बेखौफ होकर शहर में आनलाइन क्रिकेट सट्टा बाजार चला रहे हैं। एसएसपी के आदेश पर सीएसपी के विशेष टीम ने शहर में धरकपड़ करते हुए मात्र दो खाईवालों को पकड़ पाई है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं एक अन्य खाईवाल को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। 6 जनवरी को टीम ने शहर में पतासाजी करते हुए महाराणाप्रताप चौक के पास खाईवाल अविनाश वाधवानी उर्फ अवि पिता श्यामलाल वाधवानी 28 साल गार्डन सिटी मोपका निवासी को क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ लिया, इसी तरह व्यापार विहार छोटी पार्किंग के पास आयुष अग्रवाल उर्फ आकाश पिता अनिल कुमार अग्रवाल 31 साल विनोबा नगर निवासी को क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ा। दोनों के पास से आनलाइन सट्टा से संबंधित व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट, 5 हजार रुपए नकद, 2 मोबाइल जब्त किया गया है।

### महिला समूह से 3 लाख की ठगी, एजेंट गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बैंक में जमा कराने का झांसा देकर महिला समूह से 3 लाख 13 हजार 883 रुपए की ठगी करने वाली महिला एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, देवरी निवासी पार्वती केशरवानी पति शिव कुमारी केशरवानी 35 साल ने रिपोर्ट लिखाई। सखी क्रेडिट सहकारी समिति मर्यादित सखी बैंक की एजेंट आरती देवी जांगड़े व सीईओ हेमलता साहू के द्वारा श्रीमती केशरवानी एवं गांव में अन्यलोगों के साथ सखी बैंक में पैसाजमा करवाने के नाम पर राशि ली गई। वर्ष 2012 से 2025 तक लगातार हर माह समूह की महिलाओं से पैसा जमा करवाकर कुल 3 लाख 13 हजार 883 रुपए बैंक में जमा नहीं कर गबन कर दिया गया । मामले में अपराध कायम कर एएसआई धर्मेन्द्र यादव ने एजेंट देवरी निवासी आरती देवी जांगड़े पति राम प्रसाद जांगड़े 37 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**कलेक्टोरेट परिसर में ही संचालित भवन हुए रंग-बिरंगे** | पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग सहित सारे शासकीय भवनों में पान-गुटके की पीक

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26: रैंकिंग में बट्टा लगाएंगे लाल धब्बे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में शासकीय भवनों में पान-गुटके की पीक से बने लाल-पीले धब्बे स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में बट्टा लगा सकते हैं। कलेक्टोरेट परिसर और पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग की बात करें तो लगभग सारे विभागों की दीवारें लाल-पीले धब्बों से अटी पड़ी हैं।

नई कंपोजिट बिल्डिंग की दीवारों में हाल ही में कराई गई वालपुट्टी से यहां तो इज्जत बच गई है, लेकिन कब तक बची रहेगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। देश में स्वच्छता के मामलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शहरों की रैंकिंग कर स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से किए जा रहे सर्वेक्षण में शहरवासियों की छोटी सी गलती ही रैंकिंग कम कर सकती है। स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत शासकीय भवनों की साफ-सफाई, विशेषकर भवन की दीवारों पर कर्मचारियों व आम जनता के द्वारा पान-



गुटका खाकर पीक के जरिए की गई गंदगी से सर्वेक्षण के नंबर काटे जा सकेंगे। बिलासपुर शहर की बात करें तो यहां पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में संचालित सभी तैंतीस विभागों की दीवारें लाल-पीले रंग में रंगी हुई हैं। पान-गुटका खाने वालों ने खिड़की व दरवाजों को भी नहीं छोड़ा है। ऐसे में पूरे भवन की ही नए सिरे से साफ-सफाई करने की जरूरत होगी।

इसी तरह कलेक्टोरेट परिसर में संचालित लगभग सभी कक्षों में भी दीवारों की यही हालत है। कलेक्टोरेट के ग्राऊंड फ्लोर से अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय जाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सीढ़ियों में भी पान-गुटका खाने वालों ने अपने गहरे निशान छोड़ रखे हैं। समय रहते इन सारे दाग-धब्बों को न केवल साफ करना होगा, बल्कि आगे ऐसा नहीं करने संबंधी लोगों को प्रेरणा भी देने की जरूरत होगी। इसके बाद ही स्वच्छता सर्वेक्षण में पहली या सम्मानजनक रैंकिंग बिलासपुर शहर को मिल सकेगी।

### सीधे कटेंगे 150 नंबर

स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान शासकीय भवनों में दिखने वाली पान-गुटके की पीक के निशान एवं प्रतिबंधित क्षेत्रों में पेशाब के दाग-धब्बों से सीधे 150 अंक काटे जाने की तैयारी है। ऐसे में शासकीय विभागों की दीवारों से न केवल इस तरह की गंदगी हटाना, बल्कि ऐसी गंदगी न करने के लिए लोगों को प्रेरित करना भी अति आवश्यक है।

### नई कंपोजिट बिल्डिंग में दिखी जागरूकता

नई कंपोजिट बिल्डिंग में सभी फ्लोर में दीवारों पर वालपुट्टी कराई गई है। पुट्टी कराने के बाद सीढ़ियों पर प्रत्येक कोने में डस्ट बिन रखे गए हैं। यहां लोगों ने काफी जागरूकता दिखाई हैं, जिससे आज की स्थिति में कचरे व पान-गुटके की पीक डस्टबिन तक ही सीमित व दीवारें साफ-सुथरी हैं।

---

**आधार के लिए पहले डिजिटल सर्टिफिकेट बनवाना होगा**

# 4 लाख बच्चों के स्कूलों में दाखिले और आधार कार्ड अपडेट जैसे काम अटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूएडीआई) ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल क्यूआर कोड वाले डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। इस नए नियम से करीब 4 लाख बच्चों के दाखिले और आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया अटक गई है।

दरअसल वर्ष 2018 से 2020 के बीच राज्य में 6.16 लाख जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन हुए, जिनमें से 5.15 लाख प्रमाण पत्र जारी किए गए। इनमें से अधिकतर ग्रामीण इलाकों के लगभग 4 लाख मैनुअल प्रमाण पत्र क्यूआर कोड रहित हैं। अब आधार के लिए पहले डिजिटल सर्टिफिकेट बनवाना होगा, जिसमें कोड जनरेट होने के बाद ही आधार कार्ड बन सकेगा। यह लंबी और तकनीकी रूप से जटिल प्रक्रिया है। पंचायत स्तर पर सर्वर की धीमी गति और प्रशिक्षण की कमी के कारण प्रक्रिया और भी धीमी हो गई है। प्रदेश के लाखों परिवारों के ऐसे बच्चे हैं जिन्हें डिजिटल जन्म प्रमाण के नए नियम के चलते समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नए नियम बच्चों व पालकों के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है। लाखों ग्रामीण परिवार अपने बच्चों के आधार कार्ड और स्कूल एडमिशन के लिए भटक रहे हैं, क्योंकि पुराने मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र अब आधार बनाने के लिए मान्य नहीं हैं।

- **यह लंबी और तकनीकी रूप से जटिल प्रक्रिया है**

अधिकारी भी मान रहे हैं कि 2021 के बाद से सभी जन्म प्रमाण पत्र केंद्र सरकार के पोर्टल से क्यूआर कोड सहित बन रहे हैं। फिर भी तकनीकी जानकारी की कमी और सर्वर की सुस्ती के कारण कई पंचायत सचिव अब भी मैनुअल प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं, जिससे बच्चों के आधार कार्ड अटक रहे हैं।

### क्यूआर कोड वाले डिजिटल जन्म प्रमाण-पत्र ने बढ़ाई मुश्किलें




### पालकों की लगातार बढ़ रही परेशानी

गौरतलब है कि गांवों में हजारों बच्चों ने पुराने मैनुअल प्रमाण पत्र के आधार पर स्कूल में दाखिला लिया है। अब स्कूलों द्वारा आधार अनिवार्य करने पर अभिभावक परेशानी में हैं। पोर्टल की धीमी गति और तकनीकी दिक्कतों के चलते न तो नया डिजिटल प्रमाण पत्र समय पर बन पा रहा है, न आधार कार्ड। ऐसे में बच्चों समेत पालकों दोनों को परेशानी हो रही है।

### इस तरीके से होते चले गए बदलाव

गौरतलब है कि 2012 से पहले जन्म प्रमाण पत्र पूरी तरह मैनुअल तरीके से बनते थे। 2012 के बाद चिप्स के जरिए डिजिटल सर्टिफिकेट बनने लगे, लेकिन क्यूआर कोड नहीं होता था। 2015 में इसे अपडेट किया गया। शहरों में क्यूआर कोड के साथ सर्टिफिकेट बनने लगे, लेकिन पंचायतों में अब भी मैनुअल जारी होते रहे। 2021 के बाद भारत सरकार के केंद्रीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो गया, अब सभी सर्टिफिकेट क्यूआर कोड सहित बन रहे हैं। वर्तमान स्थिति में पुराने सर्टिफिकेट आधार के लिए अमान्य है। इससे ग्रामीण परिवार सबसे ज्यादा परेशान हैं।

### एडमिशन की परेशानी का ध्यान

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूएडीआई) ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल क्यूआर कोड वाले डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। इससे थोड़ी परेशानी तो है लेकिन बच्चों के एडमिशन में किसी तरह की समस्या ना आए इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। आधार अपडेशन की कार्रवाई में जरूर तकनीकी और जटिल प्रक्रिया के कारण समस्या हो रही है। **- आरपी आदित्य,** संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग

---



# खराब सड़क पर अनियंत्रित होकर कार नदी में गिरी, डाक्टर घायल

**बिलासपुर।** खराब सड़क पर तेज रफ्तार कार रिवरव्यू में नदी में गिर गई। कार सवार डाक्टर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली टीआई देवेश राठौर ने बताया, 7 जनवरी को दोपहर में अपोलो हास्पिटल के डॉ. दीपक साहू कार क्रमांक सीजी 10 एटी, 4851 से रिवरव्यू होते हुए शनिचरी की ओर जा रहे थे। सड़क पर निर्माणाधीन कार्य चलने से उनकी कार अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार से नदी में उतर गई। हादसे के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने डा. साहू को कार से बाहर निकालकर पुलिस को सूचन दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल डाक्टर को सिम्स लेकर गई। प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टर अपना इलाज कराने निजी हास्पिटल चले गए हैं।

---

# उधर चावल उत्सव, इधर डेढ़ लाख लोगों का खाद्यान्न आबंटन रूका

## केवायसी अपडेट कराते ही हो जाएगा आबंटन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में 2 से 9 जनवरी तक उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह के आयोजन के दौरान चावल उत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। इधर इसी बीच ई-केवायसी नहीं कराने वाले जिले के डेढ़ लाख सदस्यों का जनवरी माह का खाद्यान्न आबंटन रोक दिया गया है। खाद्य विभाग के अनुसार फिलहाल केवल आबंटन रोकने की कार्रवाई हुई है, कार्ड निरस्त नहीं किए गए हैं। संबंधितों के द्वारा ई-केवायसी अपडेट करते ही लंबित खाद्यान्न जारी कर दिए जाएंगे।

- **ई-केवायसी नहीं कराने वालों को पहले ही दे दी गई थी चेतावनी**
- **2 से 9 जनवरी तक उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह व चावल उत्सव का आयोजन**

केवायसी अपडेट करने में लेटलतीफी या लापरवाही कितनी भारी पड़ सकती है यह बात उन राशनकार्डधारी सदस्यों को पता चल चुकी होगी, जिनके जनवरी माह के खाद्य आबंटन रोके गए हैं। वो भी तब जब छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इसे रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाते हुए 2 से 9 जनवरी के बीच चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा हो। शासन द्वारा बीते एक साल से लगातार ई-केवायसी कराने के संबंध में समझाईश दी जा रही थी, लेकिन इसके बाद भी इसमें दिलचस्पी नहीं लेने के कारण डेढ़ लाख लोगों के इस महीने के खाद्यान्न आबंटन अंततः रोक दिए गए।



जिले में जारी राशनकार्डों में कुल सदस्यों की संख्या 18 लाख 20 हजार है। बीते महीने तक इनमें से करीब दो लाख लोगों ने ई-केवायसी नहीं कराया था। इस दौरान सारे लोगों को आबंटन रोके जाने की जानकारी दी गई थी, जिसके बाद ई-केवायसी कराने वालों की भारी भीड़ खाद्य विभाग के कार्यालय में भी नजर आने लगी थी। इधर अंत तक ई-केवायसी से दूर रहने वाले डेढ़ लाख लोगों का खाद्यान्न आबंटन रोकने की कार्रवाई कर ही दी गई।

### कार्ड निरस्त नहीं किए गए हैं

जनवरी माह में ई-केवायसी नहीं कराने वाले डेढ़ लाख सदस्यों के खाद्यान्न आबंटन होल्ड पर रखे गए हैं। कार्ड किसी के भी निरस्त नहीं किए गए हैं। ई-केवायसी अपडेट करते ही लंबित खाद्यान्न आबंटन जारी कर दिए जाएंगे। उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह के दौरान अधिक से अधिक लोगों के ई-केवायसी अपडेट करने का प्रयास किया जा रहा है।

**-अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

### प्रदेश में कहीं भी करा सकेंगे ई-केवायसी

जिन सदस्यों के ई-केवायसी नहीं हो सके हैं उन्हें अपने मुख्य राशन दुकान में ही जाकर ई-केवायसी अपडेट करने की बाध्यता नहीं है। वे प्रदेश में जहां भी हैं, वहीं ई-केवायसी अपडेट कर सकते हैं। अपडेट होने के बाद उनके लंबित खाद्यान्न का आबंटन जारी किया जा सकेगा।

### 20 दिनों में 50 हजार लोगों ने कराया अपडेट

ऐसा बिल्कुल नहीं है कि लोगों के द्वारा ई-केवायसी अपडेट करने में दिलचस्पी नहीं ली जा रही है।खाद्य विभाग की खाद्यान्न आबंटन रोके जाने संबंधी सूचना के बाद बीते बीस दिनों में ही 50 हजार सदस्यों ने अपना ई-केवायसी करा लिया है। विभाग ने इसी तरह गंभीरता दिखाते हुए जल्द से जल्द ई-केवायसी अपडेट करा लेने को कहा है।

---

# भाजपा नेता का बेटा है एटीआर में फायरिंग का फरार आरोपी

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन सुरही में एयरगन लेकर अंदर प्रवेश करने के बाद फायरिंग करने वाले चार आरोपियों में से एक आरोपी अभी भी फरार है। फरार आरोपी भाजपा नेता का सुपुत्र है, जिसकी जानकारी होने के बाद भी एटीआर प्रबंधन उसे गिरफ्तार नहीं कर पा रहा है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित जोन से लगे क्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर हथियार लहराने के मामले में तत्काल प्रभाव से संबंधित बैरियर गार्ड को कार्य से पृथक कर दिया और संबंधित परिक्षेत्र अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 27, 29, 38, 39, 50 एवं 51 के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए चार में से तीन आरोपी राजाबाड़ी लोरमी निवासी अजीतदास वैष्णव, पिता स्व.रामकुमार दास वैष्णव 26 वर्ष, तुमड़ीबोड़ राजनादगांव निवासी विकांत वैष्णव पिता विजय दास वैष्णव 36 वर्ष और मुंगेली रोड लोरमी निवासी अनिकेत मौर्य पिता सुनील मौर्य 27 वर्ष गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें 14 दिवस की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इन आरोपियों में अब तक एक आरोपी फरार घोषित किया जा चुका है। इसमें जो वीडियो वायरल हुआ है, उस वीडियो में चार आरोपी दिखाई दे रहे हैं। इनमें जैसे ही युवक सुरही रेंज के गेट पर पहुंचते हैं, बैरियर गार्ड गेट खोल देता है। नियमों पर गौर करें तो कोई भी अंजान व्यक्ति भीतर एंट्री नहीं कर सकता। एयरगन लिए बेखौफ अंदर घुसे और फायरिंग भी की। जिम्मेदार अफसरों को इसकी भनक नहीं लगी। इसके अलावा वीडियो में रायफल के साथ युवक, जंगल की ओर राइफल तानकर निशाना साधने, बैरियर उठाने, आग जलाने, रात होने के बाद फायरिंग और आसमान की ओर रायफल से एक के बाद एक कई बार फायरिंग भी साफ दिखाई दे रही है। 27 दिसम्बर की घटना के बाद तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन एक आरोपी अभी भी फरार है। यह आरोपी भाजपा नेता का बेटा है, जिसकी जानकारी प्रबंधन को भी लग गई है। इसके बाद भी फरार आरोपी की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है।

- **सारी जानकार के बाद भी प्रबंधन नहीं कर पा रहा है गिरफ्तार**

---

**एसडीएम को भूमि तलाशने की जिम्मेंदारी**

# जिले में सरकारी सैनिक स्कूल को मंजूरी, 10 एकड़ भूमि में लेगा आकार

**बिलासपुर।** जिले को एक नए शासकीय सैनिक स्कूल खोलने की स्वीकृति मिली है। सैनिक स्कूल दस एकड़ भूमि में आकार लेगा। कलेक्टर द्वारा इसके लिए 10 एकड़ शासकीय भूमि चिन्हांकित करने के निर्देश एसडीएम को दिए हैं। ज्ञात हो कि जिले में एक निजी सैनिक स्कूल पहले से संचालित है।

शासकीय सैनिक स्कूल की स्थापना को लेकर जिलेवासियों के कई दशकों का इंतजार अब समाप्त हो जाएगा। शासन द्वारा बिलासपुर जिले में एक सरकारी सैनिक स्कूल की स्थापना को मंजूरी दी गई है। प्रदेश के सभी संभागों में एक-एक सैनिक स्कूल स्थापित किए जाने हैं। सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए दस एकड़ भूमि की आवश्यकता पड़ेगी। बुधवार को आयोजित टीएल की बैठक में कलेक्टर द्वारा भूमि के शीघ्र चिन्हांकन के निर्देश सारे एसडीएम को दिए गए हैं। कलेक्टर ने बैठक के दौरान न केवल शहर, बल्कि आसपास के विकास को लेकर मंत्रालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि अगले 20-25 सालों में बिलासपुर शहर की जरूरतों का आंकलन कर इसी दिशा में हमें काम करना है। चूंकि बिलासपुर राज्य का दूसरा बड़ा शहर है, जिससे जनसुविधाएं और अन्य विकास कार्यों में हमें अच्छा व ऐसा काम करना है, जो ठेकेदारों की सुविधा के अनुसार नहीं बल्कि जनसुविधाओं को ध्यान में रखकर किया जाए।

### सभी संभागों को मिली है मंजूरी

सभी संभागों को एक-एक शासकीय सैनिक स्कूलों की स्थापना की मंजूरी मिली है। इसके अंतर्गत बिलासपुर जिले में भी एक शासकीय सैनिक स्कूल स्थापित किया जाना है। इसके लिए दस एकड़ भूमि के चिन्हांकन के लिए एसडीएम को निर्देशित किया गया है।

**-संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### शहर में नहीं है जमीन तखतपुर-कोटा से उम्मीद

शासकीय सैनिक स्कूल के लिए दस एकड़ भूमि की आवश्यकता पड़ेगी। कलेक्टर द्वारा इसके लिए एसडीएम को भूमि की तलाश कर चिन्हांकित करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम बिलासपुर के अनुसार शहर व आसपास दस एकड़ शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं है। ऐसे में तखतपुर या कोटा क्षेत्र में ही भूमि की उपलब्धता तलाशी जाएगी।

### जमीन सीमित हैं, मजबूत भवन बनाएं

कलेक्टर ने विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए सरकारी भूमि की सीमित उपलब्धता को बताते हुए कहा कि भविष्य में योजनाओं के विस्तार के लिए भूमि की निरंतर जरूरत पड़ती रहेगी। ऐसे में अधिकारी वर्तमान में निर्माणाधीन भवनों की बुनियाद इतनी मजबूत रखें कि भविष्य में उसके ऊपर दो-तीन मंजिला भवन बनाया जा सके।

---

# नवजात की मौत का मामला, 10 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं मिली

**बिलासपुर।** अपोलो अस्पताल में प्रसव पीड़िता से लापरवाही और नवजात की मौत का मामला अबत अनसुलझा है। घटना को 10 दिन बीत चुके है, लेकिन सीएमएचओ के द्वारा गठित टीम की जांच रिपोर्ट नहीं आ सकी है। बताया जा रहा है कि जांच कलेक्टर के निर्देश पर की जानी है, लेकिन इसके बाद भी टीम ने ठोस रिपोर्ट अबतक पेश नहीं की है। ऐसे में टीम के जांच करने के तरीके पर भी सवाल उठ रहे हैं।

दरअसल 23-24 की दरमियानी को विनोबा नगर निवासी पीहू अग्रवाल को प्रसव के लिए हुई दिक्कतों के कारण नवजात की मौत हो गई थी। मामले में अपोलो प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा था और मामला कलेक्टर तक पहुंच चुका था। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ को टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिए थे। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने 4 सदस्यीय टीम गठित की है लेकिन 10 दिन बाद भी टीम की जांच अधर में अटकी हुई है। टीम में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता, गायनोलॉजिस्ट डॉ कृष्णा मित्तल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रविन्द्र बागड़े, और रेडियोलॉजिस्ट डॉ सीबी मिश्रा को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।







